RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

वर्ष : 27 | अंक : 95 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 27 मार्च, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

## 4 मासूम बच्चों का गला रेतकर पिता ने लगाई फांसी

### शाहजहांपुर में हुई दिल दहलाने वाली घटना



**शाहजहांपुर ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में एक सनसनीखेज वारदात हुई है। यहां एक पिता ने धारदार हथियार से अपने चार बच्चों का गला रेतने के बाद फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। प्राथमिक जांच में युवक के मानसिक रूप से परेशान होने की बात सामने आ रही है। चार बच्चों की हत्या के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक रोजा थाना क्षेत्र के मानपुर चचरी गांव में राजीव कठेरिया (36 वर्ष) अपनी पत्नी कांति देवी और बेटी स्मृति (13 वर्ष), कीर्ति (9 वर्ष), प्रगति (सात वर्ष) और बेटे ऋषभ (पांच वर्ष) के साथ रहता था। कांति देवी बुधवार को गांव करतोली स्थित अपने मायके चली गई थीं। घर में राजीव और चारों बच्चे थे। देर रात किसी वक्त राजीव ने अपनी 13 साल की बेटी स्मृति, 9 साल की बेटी कीर्ति, 7 साल की बेटी प्रगति और 5 साल के बेटे ऋषभ की गला काटकर बेरहमी से हत्या कर दी।

राजीव के घर के बगल में रह रहे उसके पिता पृथ्वीराज ने बृहस्पतिवार सुबह पोते को चाय पीने के लिए बुलाया लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। काफी देर तक आवाज देने के बावजूद जब कोई बाहर नहीं निकला तो उन्होंने घर के अंदर झांककर देखा। अंदर का मंजर देखकर उनकी चीख निकल गई।

चारों बच्चों के गले धारदार हथियार से रेत दिए गए थे। अंदर राजीव साड़ी के फंदे से कुंडे से लटका हुआ था। वे चिल्लाते हुए बाहर आए तो ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पाकर एसपी राजेश द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

राजीव ने सोते समय बच्चों की हत्या की जिस वजह से घर में रखे पलंग पर खून बिखरा हुआ था।

## दिल्ली में सड़कों पर नमाज को लेकर ऐतराज

### आखिरी जुमा 28 मार्च को, भाजपा विधायक ने दिल्ली पुलिस को पत्र लिखा

**दिल्ली ( एजेंसी )।** नवरात्रि से पहले दिल्ली में नमाज और मीट की दुकानों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। राजधानी दिल्ली में रमजान के अंतिम जुमे की नमाज को लेकर भाजपा विधायक करनैल सिंह ने दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को पत्र लिखा है।

उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर नमाज अदा करने से यातायात बाधित होने का हवाला देते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। साथ ही मंदिरों के पास बनी मीट की दुकानों को हटाने के लिए कहा है। मीट की दुकानों को लेकर आज सदन में हंगामा भी हुआ। दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा ने सदन में बयान दिया कि अवैध रूप से मीट काटने वालों पर कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

दिल्ली की शकूर बस्ती से भाजपा विधायक करनैल सिंह ने अपने पत्र में कहा कि हम सभी को अपने-अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है, लेकिन यह भी आवश्यक है कि सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित न हो। सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर





करनैल सिंह
विधायक
...
आशा है कि आप इस विषय को गंभीरता से लेंगे और उचित कार्यवाही करेंगे।
धन्यवाद।
सादर,
करनैल सिंह (विधायक)
शकुरपुरबस्ती दिल्ली

नमाज अदा करने से यातायात बाधित होता है, जिससे आम नागरिकों, एंबुलेंस और स्कूल बसों को परेशानी होती है। उन्होंने पुलिस से अनुरोध किया कि धार्मिक गतिविधियों को निर्धारित स्थानों या निजी परिसरों तक सीमित किया जाए, ताकि आम जनता को असुविधा न हो।

गौरतलब है कि रमजान का आखिरी जुमे की नमाज 28 मार्च को होगी, जिसमें बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों में नमाज अदा करने पहुंचते हैं। आमतौर पर इस दिन मस्जिदों के बाहर भी भीड़ उमड़ती है।

## गंगनहर पटरी पर मुठभेड़, बदमाश घायल

**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** गाजियाबाद के थाना मुरादनगर क्षेत्र में एक व्यापारी व कर्मचारी से बदमाशों द्वारा गोली चलाते हुये पैसो का थैला व बहीखाता व दुकान की चाबी, गोदाम की चाबी लेकर भाग रहे 6 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि इस मामले में फरार चल रहे बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक थाना मुरादनगर ने इस मामले में वांछित/ईनामी बदमाश शत्रुघन उर्फ शत्रु उर्फ भांजा उर्फ अखिल गुप्ता उर्फ राकेश पुत्र अरविन्द गुप्ता नि0 गली नं. 03



कृष्णा विहार थाना लोनी बार्डर गाजियाबाद (करीब 23 ) वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है। बदमाश से पूछताछ करते हुए घटना में लूटे हुए शेष बही खाता के बैग की बरामदगी के लिए मुरादनगर क्षेत्र के गंगनहर पटरी के पास लाया गया था । इसी दौरान शत्रुघन ने वहां छुपाकर रखे गये हथियार से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्यवाही की तो बदमाश के पैर में गोली लगी। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## 8 साल में 8.50 लाख युवाओं को दी सरकारी नौकरी : योगी

● आयुष विभाग के 283 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र बांटे



**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने पूरी पारदर्शिता के साथ पिछले 8 सालों में 8.50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। उत्तर प्रदेश में कानून का राज हो, सुरक्षा का बेहतर वातावरण हो तथा किसी भी पीड़ित को समय पर न्याय मिले इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है।

राजधानी लखनऊ में गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुष विभाग के 283 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इनका चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा किया गया है। लोक भवन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आठ वर्ष में साढ़े आठ लाख नौकरी दी गई हैं। ये पूरी तरह से सूचितापूर्ण हैं, अन्यथा मामला कोर्ट में हुआ। 163 चिकित्सकों, तीन प्रोफेसर, 96 लैब टेक्नीशियन को पत्र दिया जा रहा है। इसके लिए आयोग को भी बधाई। जिन्हें नियुक्ति पत्र मिल रहा है, उन्हें बधाई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## अम्बे ज्वेलर्स का शटर काटकर की चोरी, मुठभेड़ में हुआ लंगड़ा

**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम द्वारा पिछले दिनों वसुन्धरा में ज्वैलरी की दुकान का शटर तोडकर दुकान से 4 किलो चांदी व 3 ग्राम सोने की चोरी की घटना को अंजाम देने वाले शातिर बदमाशों को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से 1 अवैध तमंचा, 1 खोखा कारतूस, 1 जिन्दा कारतूस, चोरी किये गये सफेद धातू के गले हुये 2 टुकडे व चोरी की घटनाओं में इस्तेमाल फर्जी नम्बर प्लेट लगी हुई 1 कार बरामद हुई है।

सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि इंदिरापुरम पुलिस चेकिंग कर रही थी तभी वसुन्धरा सैक्टर-1 हिण्डन बैराज पुलिया के पास एक स्लेटी रंग की कार आ रही थी। जिसके चालक द्वारा पुलिस को चेकिंग करता देखकर तेजी से कार को रोककर पीछे की तरफ मोडकर कार से भागने का प्रयास किया तो






हडबडाहट में कार डिबाइडर से टकरा गयी और कार चालक कार से उतरकर भागने लगा।

भाग रहे व्यक्ति द्वारा अचानक मुड़कर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही में बदमाश के पैर में गोली लगी। बदमाश की पहचान अंकित सक्सेना उर्फ बबलू उर्फ विजय सक्सेना पिता रमेश चंद्र निवासी मोहल्ला मोहन गली कायस्थान कासगंज हाल पता गली न 4 नियर कपड़े की फैक्ट्री गढ़ी चौखंडी नोएडा के रूप में हुई।

पूछताछ में बदमाश ने बताया कि 21/22 मार्च की रात को वसुन्धरा स्थित अम्बे ज्वैलर्स के यहां चोरी की थी। उससे बरामद सफेद धातु के गले हुये दोनो टुकड़े के विषय में पूछा गया तो अंकित सक्सेना ने बताया कि मैने व मेरे साथी राजवीर सिंह चौहान पुत्र विष्णु सिंह चौहान निवासी आफिसर्स कालोनी रेलवे रोड उझानी थाना उझानी जनपद बदायूं तथा दो अन्य साथियों ने मिलकर मेवाड कालेज वसुंधरा के पास एक ज्वैलर्स की दुकान का शटर तोडकर कुछ चांदी जेवरात तथा सोना चोरी किया था, चांदी को मेरे साथी राजवीर द्वारा गला लिया गया था । जिसमे चांदी के दोनो टुकडे जो कार के डैश बोर्ड से बरामद किया है वो टुकड़े मेरे हिस्से मे आये थे।

## कंपनी के मैनेजर के सीने में मारी गोली, पत्नी व बहन पर बट से हमला





**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** गाजियाबाद के भोजपुर के अमराला गांव में तीन बदमाशों ने रात पत्नी और बहन के साथ टहल रहे निजी कंपनी के मैनेजर रजनीश शर्मा के सीने में गोली मार दी। बदमाशों ने पत्नी रचना शर्मा और बहन को भी हथियार की बट मारकर घायल कर दिया और उनके गहने लूट लिए। इसके दो घंटे बाद चार बदमाशों ने किसान अजित के घर का दरवाजा खुलवाकर उनकी गर्दन पर गोली मार दी। दोनों को उपचार के लिए गाजियाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए कई टीमें बनाई हैं। वहीं रजनीश शर्मा की हालत गंभीर (शेष पृष्ठ-3 पर)

## यीडा नवरात्रि पर लायेगी आवासीय भूखंडों की योजना

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।**

दिल्ली-एनसीआर में रहने वालों के लिए अच्छी खबर है। यमुना प्राधिकरण नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और फिल्म सिटी के पास आशियाना बनाने का मौका देने जा रहा है। प्राधिकरण इस नवरात्रि में 200 वर्गमीटर के आवासीय भूखंडों की योजना लॉन्च करेगा। योजना का उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) से पंजीकरण मिल चुका है, और दो अप्रैल को इसे आधिकारिक रूप से जारी किया जाएगा।

Yamuna Expressway Industrial Development Authority
YEIDA
FUTURE IS HERE

सूत्रों के मुताबिक, यह योजना सेक्टर 18 के नौ बी ब्लॉक में लाई जा रही है, जहां 274 भूखंड उपलब्ध होंगे। इन भूखंडों का आवंटन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

यमुना प्राधिकरण लंबे समय से इस योजना को लाने की तैयारी में था, लेकिन रेरा की आपत्तियों के कारण इसमें देरी हुई। अब पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी हो गई है, और जल्द ही आवेदन शुरू किए जाएंगे।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, फिल्म सिटी और औद्योगिक क्षेत्र के नजदीक होने के कारण यह योजना निवेशकों और घर बनाने की इच्छा रखने वालों के लिए आकर्षक साबित हो सकती है।

यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि योजना को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, और नवरात्रि के शुभ अवसर पर इसे जनता के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

## गंगाजल प्लांटों की बिजली काटी, 15 लाख लोगों की बढ़ी मुश्किलें

**गाजियाबाद /नोएडा ( ब्यूरो )।** गर्मी आने से पहले ही नोएडा व गाजियाबाद के 15 लाख से ज्यादा लोगों के लिए आज से मुश्किल खड़ी हो गई है। साढ़े तीन करोड़ बकाया जमा नहीं करने पर विद्युत निगम ने गाजियाबाद स्थित सिद्धार्थ विहार व प्रताप विहार स्थित गंगाजल प्लांटों के वाटर ट्रीटमेंट प्लांटों का कनेक्शन काट दिया है। इससे आधे से अधिक ट्रांस हिंडन, सिद्धार्थ विहार व नोएडा की गंगाजल की आपूर्ति ठप हो गई है। लोगों ने स्टोर पानी से गुजारा किया। बृहस्पतिवार को करीब 15 लाख लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार प्लांट से नोएडा को 80 क्यूसक व प्रताप विहार से 20 क्यूसक गंगाजल सप्लाई होता है।

जल निगम के अधिकारियों का कहना है कि नगर निगम, आवास विकास परिषद व नोएडा आथोरिटी पर गंगाजल का करोड़ों बकाया है। इन विभागों ने कई वर्षों से गंगाजल का बकाया जमा नहीं किया है।

विभागों को बकाया जमा करने के लिए



लगातार नोटिस भेजे जा रहे हैं, लेकिन किसी ने भी बकाया जमा नहीं किया। इससे विद्युत निगम का बिजली का बिल जमा नहीं कर पा रहे हैं। विद्युत निगम ने बकाया जमा करने के लिए नोटिस भेजा था।

निगम ने 10 दिन का समय दिया था। होली से पहले भी विद्युत निगम की टीम कनेक्शन काटने आई थी। उनसे होली तक कनेक्शन न काटने की मोहलत मांगी गई ती। विद्युत निगम ने बुधवार दोपहर 1:02 बजे वाटर ट्रीटमेंट प्लांटों के बिजली कनेक्शन काट दिए। इससे जलापूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। बुधवार शाम को गंगाजल प्लांटों से पानी की आपूर्ति नहीं की गई। इस संबंध में विद्युत वितरण खंड पंचम के अधिशासी अभियंता स्पर्श आर्या ने बताया कि जल निगम पर करीब साढ़े तीन करोड़ बकाया है। बकाया जमा करने के लिए लगातार नोटिस भेजे गए। इसके बाद कनेक्शन काटा गया है। मार्च का अंत चल रहा है मुख्यालय से अधिक से अधिक वसूली के आदेश हैं।

## सांसदों का वेतन

सोमवार को जारी संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा एक गजट नोटिफिकेशन के अनुसार सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के वेतन, भत्तों एवं पेंशन में एक अप्रैल 2023 से बढ़ोतरी की है। अब सांसदों का वेतन एक लाख से बढ़कर 1.24 लाख रुपये प्रतिमाह हो जाएगा। साथ ही दैनिक भत्ता दो हजार से ढाई हजार रुपये प्रतिदिन हो जाएगा। वहीं पूर्व सांसदों की पेंशन भी पच्चीस हजार से बढ़कर 31 हजार प्रतिमाह हो जाएगी। इसके साथ ही पांच साल से अधिक की सेवा के लिये सांसदों की अतिरिक्त पेंशन दो हजार से बढ़कर ढाई हजार रुपये हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सांसदों के वेतन व भत्तों में बदलाव अप्रैल 2018 में किया गया था। तर्क दिया जा रहा है कि माननीयों के वेतन में वृद्धि महंगाई और जीवन यापन की बढ़ती लागत के मद्देनजर की गई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 के परिवर्तन के अनुसार सांसदों को अपने क्षेत्र में ऑफिस चलाने और लोगों से मिलने-जुलने हेतु सत्तर हजार रुपये का भत्ता भी मिलता है। इसके अतिरिक्त उन्हें कार्यालय के व्यय हेतु साठ हजार रुपये महीना और संसद सत्र के दौरान हर दिन दो हजार रुपये का भत्ता भी मिलता है। कहा जा रहा है कि अब इन भत्तों में भी बढ़ोतरी होगी। उल्लेखनीय है कि माननीयों को हर साल फोन व इंटरनेट हेतु भत्ता, अपने परिवार के लिये 34 फ्री डोमेस्टिक फ्लाइट, निजी यात्रा के लिये रेल में प्रथम श्रेणी में यात्रा सुविधा, सड़क मार्ग से चलने पर ईंधन का खर्च व मुफ्त बिजली ङ्क पानी की सुविधा भी मिलती है। इसके अलावा सरकारी व निजी अस्पतालों में मुफ्त चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध करायी जाती है। यदि किसी रोग का भारत में पर्याप्त इलाज संभव न हो तो सरकार विशेष स्थिति में विदेश में उपचार के खर्च की अनुमति दे सकती है। साथ ही सरकारी आवास की सुविधा और यदि आवास न लें तो घर का भत्ता माननीयों को मिलता है। वहीं सरकार की दलील है कि वेतन-भत्तों में यह 24 फीसदी की वृद्धि लागत मुद्रास्फीति सूचकांक के आधार पर ही की गई है। दरअसल, सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में सांसदों के वेतन और भत्तों की हर पांच साल में समीक्षा करने का जो नियम बनाया था, उसका निर्धारण समय की महंगाई दर के आधार पर किया जाना था। निस्संदेह, लोकतंत्र के नीति-नियंताओं का जीवन विशिष्ट सुविधाओं का आकांक्षी होता है। वहीं सुख-सुविधाओं में वृद्धि तार्किकता की भी मांग करती है। यह नैसर्गिक न्याय ही होगा, यदि राजा और प्रजा के जीवन में समृद्धि की बयार समान रूप से होती है। इसमें अधिक अंतर भी न हो। किसी भी लोकतांत्रिक समाज में जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिये के नारे का यथार्थ में फलीभूत होना भी जरूरी है। अभिजात्य संस्कृति की तार्किकता लोकतंत्र की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रश्न आयकरदाता के धन के सदुपयोग व उसकी उत्पादकता का भी है। जिसके जरिये ?विसंगतियां दूर करने व असमानता की खाई पाटने की तार्किकता भी शामिल है। हम यह न भूलें कि महंगाई का दंश देश की आम प्रजा भी भुगत रही है। नीति-नियंताओं को उसके कष्ट दूर करने के लिये संवेदनशील ढंग से सोचना चाहिए। आम लोगों को सामाजिक सुरक्षा का कवच देने के मुद्दे को भी प्राथमिक बनाया जाना चाहिए। करोड़ों लोगों को सस्ती व गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना भी हमारी प्राथमिकता बननी चाहिए। यह भी यक्ष प्रश्न कि देश की आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी हमें अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने को क्यों बाध्य होना पड़ रहा है। सार्वजनिक विमर्श में यह मुद्दा भी अकसर उठता रहा है कि जिस व्यवस्था की जनप्रतिनिधि संस्थाओं में करोड़पति जनप्रतिनिधियों का वर्चस्व हो, उनके लिये वेतन, भत्ते और पेंशन की तार्किकता क्या है? वहीं दूसरी ओर राजनीतिक विमर्श में नई-पुरानी पेंशन की आकांक्षा में चिंतित जनमानस को देशव्यापी एकरूपता के साथ विकल्प दिये जाने की भी जरूरत है। ताकि तेजी से उम्रदराज लोगों का देश होते भारत में करोड़ों लोगों का बुढ़ापा सुखमय हो सके। ताकि सुख, समृद्धि व सुकून राजा के घर भी हो और प्रजा के भी।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि ( मन में सोचते जाते थे- ) जाकर या तो शाप दूँगा या प्राण दे दूँगा। उन्होंने जगत में मेरी हँसी कराई। दैत्यों के शत्रु भगवान हरि उन्हें बीच रास्ते में ही मिल गए। साथ में लक्ष्मीजी और वही राजकुमारी थीं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**बोले मधुर बचन सुरसाईं। मुनि कहँ चले बिकल की नाईं॥**
**सुनत बचन उपजा अति क्रोधा। माया बस न रहा मन बोधा॥**

देवताओं के स्वामी भगवान ने मीठी वाणी में कहा- हे मुनि! व्याकुल की तरह कहाँ चले? ये शब्द सुनते ही नारद को बड़ा क्रोध आया, माया के वशीभूत होने के कारण मन में चेत नहीं रहा॥

**पर संपदा सकहु नहिं देखी। तुम्हरें इरिषा कपट बिसेषी॥**
**मथत सिंधु रुद्रहि बौरायहु। सुरन्ह प्रेरि बिष पान करायहु॥**

(मुनि ने कहा-) तुम दूसरों की सम्पदा नहीं देख सकते, तुम्हारे ईर्ष्या और कपट बहुत है। समुद्र मथते समय तुमने शिवजी को बावला बना दिया और देवताओं को प्रेरित करके उन्हें विषपान कराया॥

**दो0-असुर सुरा बिष संकरहि आपु रमा मनि चारु।**
**स्वारथ साधक कुटिल तुम्ह सदा कपट ब्यवहारु॥**

असुरों को मदिरा और शिवजी को विष देकर तुमने स्वयं लक्ष्मी और सुंदर (कौस्तुभ) मणि ले ली। तुम बड़े धोखेबाज और मतलबी हो। सदा कपट का व्यवहार करते हो॥

(क्रमशः...)

# सुनीता विलियम्स ने साहस से छुआ आसमान

अगर देखना चाहते हो मेरे हौसलों की उड़ान तो आसमान से कह दो कि और ऊँचा हो जाए। ये पंक्तियाँ निश्चित ही ऐसा आभास कराती हैं कि यह असंभव जैसी बात है। क्योंकि आसमान में उड़ने वाली बात किसी ऐसे सपने जैसी ही लगती है, जो पूरा हो ही नहीं सकता। लेकिन व्यक्ति के पास साहस और धैर्य है तो वह असंभव लगने वाले लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकता है। भारतीय मूल की बेटी सुनीता विलियम्स ने ऐसा ही एक कीर्तिमान करके दिखाया है। धरती पर रहने वाली सुनीता ने अपने साहस और धैर्य से आसमान को छूने का साहसी कार्य किया है। यह एक ऐसा कीर्तिमान है जो भविष्य के लिए एक मील का पत्थर है। जो अंतरिक्ष विज्ञान के लिए एक दिशा बोध बनेगी। आज अंतरिक्ष विज्ञान जगत के लिए सुनीता विलियम्स एक ऐसा नाम है, जिसके साथ विज्ञान को देने के लिए बहुत कुछ है। जिनकी गाथा कहते कहते लोगों के मुंह थक जाएंगे, पर गाथा ख़त्म नहीं होगी। सुनीता विलियम्स, बुच विलमोर सहित चार अंतरिक्ष यात्री जब धरती पर लौटे तो अमेरिका में खुशी का वातावरण था, तो भारत में भी असीमित उल्लास था। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की हैं, इसलिए यह पूरे विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि उन्होंने भारत का भी मान बढ़ाया है।

सुनीता विलियम्स केवल नौ दिन के लिए अंतरिक्ष की सैर पर गई थीं, लेकिन यह क्या मालूम था कि यह नौ दिन की यात्रा नौ माह और चौदह दिन की हो जाएगी। जाहिर है यात्रा सरल नहीं थी। क्योंकि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण का अभाव रहता है। हालांकि सुनीता विलियम्स की यह तीसरी अंतरिक्ष यात्रा थी। हम जानते हैं धरती से वायुमंडल की परिधि समाप्त होने के बाद अंतरिक्ष की दुनिया प्रारम्भ होती है। अंतरिक्ष के बारे में कहते हैं कि मानव आकृति अधर में ही लटकी रहती है। अगर कोई यात्री अंतरिक्ष यान में भी गया है, तो भी उसे आधार नहीं मिलता। ऐसा लगता है जैसे वजनहीन हो गए हैं। अंतरिक्ष में चल फिर नहीं सकते। बस तैरते से रहते हैं। ऐसी स्थिति में अंतरिक्ष में जाना निश्चित ही अत्यंत दुष्कर कार्य है। भारतीय मूल की बेटी सुनीता विलियम्स और उनके साथ गए बुच विलमोर ने जिस साहस का परिचय दिया, वह वास्तव में काबिले तारीफ़ है। लेकिन एक बात यह भी है कि अंतरिक्ष में जाना किसी चुनौती से कम नहीं है। वहां का जीवन पृथ्वी से बहुत भिन्न है।



**सुनीता विलियम्स केवल नौ दिन के लिए अंतरिक्ष की सैर पर गई थीं, लेकिन यह क्या मालूम था कि यह नौ दिन की यात्रा नौ माह और चौदह दिन की हो जाएगी। जाहिर है यात्रा सरल नहीं थी। क्योंकि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण का अभाव रहता है।**

अंतरिक्ष में पहुँचने के बाद चारों अंतरिक्ष यात्रियों का यान ज़ब भटक गया था। तब उनके मन में भी कई तरह के सवाल उठे होंगे, क्योंकि ऐसी स्थिति में यह पता नहीं होता कि वे धरती पर लौटेंगे भी या नहीं। या अंतरिक्ष में कब तक यूँ ही घूमते रहेंगे, इसका भी पता नहीं, लेकिन एक जिजीविषा थी, जो उन सबको जीने का उल्लास दे रही थी। कहते हैं कि जिसके मन में जीने का उत्साह हो तो समस्याएं सरल होती चली जाती हैं। चारों अंतरिक्ष यात्री पूरे मन से अपने मिशन पर थे। ज़ब तक वे अंतरिक्ष में थे, कुछ न कुछ करते रहे यानी शोध के कार्य में इतने व्यस्त हो गए कि उनको पता ही न चला कि उनके जीवन में कोई समस्या है।

अमेरिका के फ्लोरिडा के तट पर समुद्र में ज़ब अंतरिक्ष यान उतरा, उस समय का दृश्य सबने देखा। कितना अद्भुत, कितना चमत्कार करने वाला दृश्य था। हर कोई इस अविश्वसनीय घटना के बारे सुनकर आश्चर्यचकित ही था। जिन्होंने इस दृश्य को अपनी आँखों से देखा, वह ऐसी घटना दुबारा देख पाएंगे या नहीं, यकीनी तौर पर नहीं कहा जा सकता। यह घटना कोई सामान्य नहीं थी। जो अंतरिक्ष यात्री साढ़े नौ महीने हवा में तैर कर जीवन बिता रहे थे, उनका जीवन वास्तव में बदल चुका था। धरती पर जीने के तरीके अलग हैं, यहां गुरुत्वाकर्षण बल के कारण सभी कार्य आसान हैं। यह आसान इसलिए भी हैं, क्योंकि यह एक सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा बन जाती हैं। अंतरिक्ष का जीवन अलग है। वहां सभी वस्तुएँ हवा में तैरती रहती हैं। खाने की वस्तु को भी हवा में तैरते हुए ही खाया जा सकता है। वहां नींद लेने के लिए खुद को बेल्ट से बाँधना होता है। अगर ऐसा नहीं करते तो तैरते हुए सोना बहुत ही मुश्किल काम है। यहां तक कि प्यास बुझाने के लिए अपनी पेशाब और पसीने को शुद्ध करके पीने योग्य बनाया जाता है और वही पीने के काम आता है। शून्य गुरुत्वाकर्षण की अवस्था शरीर पर कई प्रकार के प्रभाव उपस्थित करती हैं। इससे शरीर का संतुलन धरती पर रहने जैसा नहीं होता। रक्त संचरण भी सामान्य नहीं होता। इतना होने के बाद भी इन चार अंतरिक्ष यात्रियों ने साहसिक यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा किया। नासा ने इस अभियान को बखूबी अंजाम दिया। वर्तमान में अंतरिक्ष विज्ञान को शोध के अनेक विषय देने का काम किया है। भारत भी इस मामले में किसी भी दृष्टि से पीछे नहीं है। भारत ने जिस प्रकार से अपने चंद्रयान अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया, वह सारी दुनिया को अचरज में डालने जैसा ही है। इसलिए भारतीय वैज्ञानिक भी अंतरिक्ष के लिए एक उपलब्धि को पाने जैसा ही कार्य कर रहे हैं। चूँकि सुनीता विलियम्स भी भारतीय मूल की हैं, इसलिए नासा की इस उपलब्धि को भारतीय प्रतिभा का कायल माना जा रहा है। आज का अमेरिका बिना भारतीय प्रतिभा के आगे नहीं बढ़ सकता। ऐसा अमेरिका के कई क्षेत्रों में साबित हो रहा है। सुनीता विलियम्स के जीवन और उनके कार्य में भारतीय संस्कार विद्यमान हैं। इससे पूर्व अंतरिक्ष में जाते समय वे अपने साथ भागवत गीता ले गई थीं और इस बार भगवान गणेश की प्रतिमा साथ लेकर गईं।

सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर सहित चार सहयोगियों ने वहां पर साढ़े नौ महीने जो शोध किया, वह अंतरिक्ष विज्ञानियों के लिए एक ऐसा ऐतिहासिक दस्तावेज ही कहा जाएगा, जो मिसाल है। आने वाले समय में विज्ञान जगत इनसे बहुत कुछ सीखेगा, यह तय है। अंतरिक्ष में जाने का यह मामला पहला नहीं है, लेकिन इतनी लम्बी अवधि तक अंतरिक्ष में रहने का यह पहला मामला है। इसलिए इसे औरों से अलग किस्म के रूप में देखा जा रहा है। भारतीय मूल की बेटी सुनीता के इस हौसले का पूरे मन से अभिवादन।

**-सुरेश हिंदुस्तानी,**
**वरिष्ठ पत्रकार**

## कचरा-कचरा जिंदगी, समस्या और समाधान

देवभूमि हिमाचल, जिसका नाम आते ही मन में एक चित्र उभरता है। निर्मल जल, स्वच्छ वायु, सुंदर चरागाह, चंहु ओर फैली हरितिमा, ऊंचे दर्रे, हिमाच्छादित गिरि शिखर, भौगोलिक विविधता, कल-कल बहती नदियां, समृद्ध वन एवं वन्य जीवन, आधुनिक आवागमन साधन, पर्याप्त आवास सुविधाएं, अनेक धार्मिक स्थल, रमणीय स्थल और सहयोगी स्वभाव के पर्वतवासी समुदाय, यानी पर्यटन के लिए आदर्श एवं सुरक्षित क्षेत्र। निःसंदेह हिमाचल ऐसा ही है। किंतु पर्यटन के साथ-साथ सूखे कचरे का भी विस्तार होता जा रहा है, जो हिमाचल के आदर्श, सौंदर्यपूर्ण प्राकृतिक परिदृश्य को ग्रसित करता जा रहा है। जगह-जगह कचरे के ढेर देख कर आदमी असहाय महसूस करने लगता है। स्वच्छता अभियान के चलते बड़े पैमाने पर शौचालय निर्माण का कार्य सफलतापूर्वक किया गया, जिसका परिणाम भी सुखद हुआ। किंतु सूखे कचरे के निष्पादन की दिशा में हालात दिन-प्रतिदिन खराब ही होते जा रहे हैं। क्या शहर और क्या गांव। शहरों से कचरा उठा कर डंपिंग स्थलों तक पूरा जा नहीं पाता। जो जा पाता है, उसके उपचार की व्यवस्थाएं अपर्याप्त हैं।

सबसे ज्यादा समस्या प्लास्टिक कचरे से पैदा हो रही है। वैसे तो यह सार्वभौमिक समस्या बन गई है, किंतु पर्वतीय क्षेत्रों के लिए तो यहां की पर्यटन पर आधारित आजीविका के लिए ही खतरा पैदा हो गया है। इस समय दो करोड़ के लगभग पर्यटक वर्षभर में आते हैं। यानी यहां की जनसंख्या से तीन गुणा। सरकार इस संख्या को पांच करोड़ करना चाहती है। आर्थिक दृष्टि से यह आजीविका और सरकारी आय के लिए लाभप्रद ही सिद्ध होने वाला है। किंतु पर्यटन अपने साथ अनेक समस्याएं और प्रकृति पर दबाव भी लाता है। इनमें से कचरे की मात्रा में बढ़ोतरी भी अवश्यंभावी समस्या है। वर्तमान कचरा प्रबंधन की स्थिति देख कर लगता है कि हम आने वाले दबाव को कैसे झेल पाएंगे, जबकि वर्तमान स्थिति को ही हम संभालने में असमर्थ सिद्ध हो रहे हैं। शहरों में भी कचरा जगह-जगह खुले में जलाने के दृश्य देखे जा सकते हैं। यहां तक कि कचरा निष्पादन स्थलों में भी कचरा जलाया जाता है। यह सीधा बीमारी को निमंत्रण है। गांव की तो हालत और भी खराब है। आजकल ज्यादातर दैनिक जरूरतों के सामान पैकिंग में ही आते हैं। कुरकुरे, नमकीन, चिप्स, चॉकलेट, करियाने का सामान, दूध, दही, सब प्लास्टिक में ही पैक होकर आ रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर पाबंदी के बाबजूद यह सब पैकिंग का कचरा तो आ ही रहा है, इसके साथ सब्जियों का बाहरी राज्यों से जो आयात हो रहा है, वह ज्यादातर प्लास्टिक की पन्नियों में ही हो रहा है। इस तरह कचरे के अंबार तो बढ़ते ही जा रहे हैं। फिर चिकित्सा से जुड़ी सामग्री, बिजली के बल्ब, बैटरियां, इलेक्ट्रोनिक सामान शहरों से लेकर गांव तक चारों ओर फैलते जा रहे हैं। खेत-खलिहान, कूहलें, वन क्षेत्र कचरे की चपेट में हैं। जब तक कोई निश्चित व्यवस्था खड़ी नहीं होती, तब तक लोगों को भी दोषी नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि विकल्प देकर ही सख्ती भी



की जा सकती है। उसके बिना तो लोग भी मजबूरी में गैरजिम्मेदार हो जाते हैं। हिमाचल में प्रतिदिन 370 मीट्रिक टन सूखा कचरा पैदा होता है, जिसके लगातार बढ़ते जाने की संभावना है।

शहरों में कम से कम कचरा एकत्र करने की व्यवस्थाएं तो हैं, आगे उसका निष्पादन कैसे हो, यही समस्या आंशिक रूप से है। गांव की तो हालत और भी बुरी है। वहां तो कचरा एकत्रित करने की बुनियादी व्यवस्थाएं ही नहीं हैं। प्लास्टिक तो सब जगह पहुंच गया है। गांव में पहले तो केवल जैविक कचरा ही होता था, जिसका खाद बना लो या जला कर भी उतनी हानिकारक गैसें नहीं निकलती थीं। अब गांववासी उसी पुरानी सोच के साथ चल कर कचरे की समस्या से पार नहीं पा सकते। अतः गांव में पंचायतों के माध्यम से कचरा प्रबंधन की व्यवस्था बनानी पड़ेगी। पालमपुर की आईमा पंचायत की बहुप्रचारित कचरा प्रबंधन व्यवस्था भी अब बंद पड़ गई है। उसका अध्ययन करके व्यवस्था बनानी पड़ेगी। मोटे तौर पर हर घर से महीने में एक बार कम से कम कचरा एकत्रित करने की व्यवस्था की जा सकती है, जिसके लिए पंचायत उपयुक्त राशि निर्धारित कर सकती है जो हर परिवार महीने के अंत में स्वयं कचरा इकट्ठा करने वाले कार्यकर्ता को दे सकता है। पंचायतों में अधिकांश जगह कचरा एकत्रित करने के लिए स्टोर बना दिए गए हैं। अब उनके प्रयोग करने की ओर ध्यान देना होगा। गांव में जैविक कचरा उठाने की जरूरत नहीं है। उसका खाद बनाने के लिए उपयोग किया जा सकता है। प्लास्टिक में भी मोटा प्लास्टिक कबाड़ी को बेचा जा सकता है। ठंडे की बोतलें भी बिक जाती हैं। उनके लिए केवल सख्ती से जागरूक करने की जरूरत है। अगली चुनौती एकत्रित किए गए कचरे के निष्पादन की है। इसके लिए तो सरकार को दीर्घकालीन योजना बना कर काम करना चाहिए और उसके क्रियान्वयन के लिए हर स्तर पर पर्याप्त आर्थिक व्यवस्था करनी होगी। तकनीकी व्यवस्था अगली चुनौती है। नई-नई खोजें हो रही हैं। उनका उपयोग किया जाना चाहिए। एकमुखी समाधान से काम नहीं चलेगा। स्थानीय स्थितियों के अनुसार विविध प्रकार की तकनीकों का प्रयोग करना पड़ेगा।

इसके लिए प्लास्टिक बनाने और प्लास्टिक में पैक सामान बेचने वाली कंपनियों को भी जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। कम से कम उन्हें प्लास्टिक निष्पादन के लिए नई-नई तकनीकों की खोज और नवाचार के लिए फंड खड़ा करने के लिए जिम्मेदार बनाया जाना चाहिए। 'प्रदूषण फैलाने वाला ही भरपाई करे', यह तो न्यायालय द्वारा स्थापित सिद्धांत है। किंतु लागू तो नहीं हो रहा है। इसके लागू होने से सरकार पर अतिरिक्त बोझ भी नहीं पड़ेगा। किंतु इन दीर्घकालीन उपायों को लागू करते हुए तात्कालिक उपायों की ओर भी ध्यान देना जरूरी है, वरना पर्वतीय राज्यों की हालत खराब होने वाली है। यहां की हवा, पानी, और पर्यटकों को आकर्षित करने वाली सब प्राकृतिक देनें जल्द ही कचरे की भेंट चढने वाली हैं।

**-कुलभूषण उपमन्यु**
**पर्यावरणविद**

## राशिफल

**चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी** **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आय में उतार चढ़ाव बना रहेगा। मन हाई लो होता रहेगा। मानसिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
व्यवसाय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। कोर्ट कचहरी से बचें। स्वास्थ्य मध्यम।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
अपमानित होने का भय रहेगा। यात्रा में कष्ट संभव है। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार मध्यम। व्यापार ठीक है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
स्वयं के स्वास्थ्य पर और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान अच्छा है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
मन परेशान रहेगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम संतान की स्थिति लगभग ठीक है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
मन की स्थिति पर ध्यान दें। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू तू मैं मैं से बचें। स्वास्थ्य मध्यम।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
गृह कलह के संकेत हैं। बड़ी कलह से बचें। स्वास्थ्य ठीक-ठाक। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
पराक्रम रंग लाएगा लेकिन नाक, कान, गला की परेशानी होगी। नए व्यापार की शुरुआत भी न करें।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
धन हानि के संकेत हैं। इसलिए निवेश वर्जित रहेगा। जुबान पे भी नियंत्रण रखिएगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
ऊर्जा के स्तर में ऊपर नीचे होने के कारण मन घबराहट, बेचैनी से परेशान रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
खर्च का अधिकता मन को परेशान करेगी। कर्ज की स्थिति आ सकती है। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार मध्यम दिख रहा है।



पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ. महेश शर्मा से कल उनके आवास नोएडा में मुलाकात कर आशीर्वाद लेते वरिष्ठ भाजपा नेता एवं बंजारा महासभा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष ताराचंद नायक।

# श्रम बंधु की बैठक हुई



**नोएडा ( चेतना मंच )।** योगी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज सेक्टर-33, नोएडा हॉट में जिलाधिकारी गौतम बुध नगर की अध्यक्षता में श्रम बंधु की बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी महोदय द्वारा सरकार की 8 वर्ष के उपलब्धियां को रेखांकित किया।

बैठक में उक्त मुद्दे पर बोलते हुए मजदूर संगठन सीटू गौतम बुध नगर के जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि सरकार की निश्चित रूप से कुछ उपलब्धियां हो सकती हैं लेकिन योगी सरकार के 8 साल के कार्यकाल में श्रमिकों की घोर उपेक्षा की गई है और श्रमिक उत्पीड़न व उनकी परेशानियों और बड़ी है, वर्ष 2014 के बाद से प्रदेश सरकार ने मजदूरों के वेतन का पुनरीक्षण नहीं किया है जबकि कई राज्यों में वेतन बढ़ोतरी की गई है, दिल्ली के मजदूरों का आज न्यूनतम वेतन 19000 के आसपास है वही दिल्ली से सटे नोएडा उत्तर प्रदेश के मजदूरों का न्यूनतम वेतन मात्र 10700 है क्या इतने कम वेतन में एक मजदूर अपनी जीविका चला सकता है, उन्होंने मांग करते हुए कहा कि न्यूनतम वेतन कम से कम 26000 प्रदेश सरकार घोषित करें। बैठक में सीटू जिला महासचिव रामसागर, एक्टू नेता अमर सिंह सहित के श्रमिक नेताओं ने बैठक में हिस्सा लिया।

# रोज़ा इफ्तार पार्टी आयोजित



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** डिस्ट्रिक्ट कोर्ट बार एसोसिएशन में रमजान मुबारक के पाक महीने रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर द्वारा आयोजित किया गया जिसकी मेज़बानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेन्द्र भाटी व सह मेजबानी अजीत नागर एडवोकेट सचिव द्वारा की गयी जिसमें मुख्य रूप से जिला जज अवनीश कुमार सक्सेना, पूर्व जस्टिस अल्लाह रहम, डी सी पी शक्ति मोहन अवस्थी, एड़ी जे संजय सिंह, सौरभ द्विवेदी, सिविल जज मयंक त्रिपाठी, एसी जे एम रवि सागर, जुल्फिकार मुजमिल, नौशाद, रियासत इन्साद, शमशाद, फरीद एहमद, रिजवान अबरार, यूनुस साजिद, शकील, आस मोहम्मद, एजाज, अरशद,उमर फारूक, बादशाह शुजात, कासिफ, सहित लगभग 500 अधिवक्ताओं ने कार्यक्रम में हिस्सा किया।

# पहुंच रही है सरकार जनता के द्वार : सिंह




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।**

प्रदेश सरकार के 8 साल बेमिसाल की उपलब्धियों का उत्सव अभियान के तहत सरकार द्वारा आयोजित लाभार्थी मेला ज़ेवर विधानसभा के सिरसा गाँव के ऑक्सफ़ोर्ड पब्लिक स्कूल सिरसा में आयोजित किया गया जिसमे मुख्यअतिथि ज़ेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा रहे।

लाभार्थी मेला मुख्यातिथि विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि लाभार्थी मेला के द्वारा सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं के स्टाल इनमें आयुष्मान भारत योजना स्कूल चलो अभियान स्वच्छ भारत मिशन नि शुल्क हेल्थ चैकअप यातायात कृषि एवं समाज कल्याण आदि के स्टाल पर जानकारी प्रदर्शित व कार्यों को साथ के साथ पूरा किया जा रहा है और उन्होंने कहा हमारी प्रदेश सरकार जनता के द्वार पहुँच कर उनको योजनाओं से जोड़कर लाभ देने के कार्य में लगी है। इन आठ बरसों में प्रदेश में ऐतिहासिक कार्य हुए है प्रदेश में अपने क्षेत्र का ज़ेवर एयरपोर्ट राम मंदिर का निर्माण भव्य महाकुम्भ का आयोजन 2017 से पहले बीमारू, उद्योग की दृष्टि से पिछड़ा, अराजकता का माहौल था आज प्रदेश में सुशासन का राज है।

जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि आज देश प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के और प्रदेश मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के नेतृत्व में सुशासन के साथ जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की बड़ी श्रंखला के साथ आगे बढ़ रहा है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष वर्मा व विभिन्न योजनाओं के विभाग अधिकारी व वरिष्ठ भाजपा नेता हरिश्चंद्र भाटी वीरेन्द्र भाटी सुनील भाटी मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य मण्डल अध्यक्ष दिनेश भाटी अर्पित तिवारी विजय रावल ओमकार भाटी अमन कौशिक नीतीश भाटी रवि जिन्दल अरुण भाटी उमेश भाटी अमित शर्मा आदि सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ हज़ारों की संख्या में लाभार्थी, लाभार्थी मेला में उपस्थित रहे।

# नवरत्न फाउंडेशन्स की अहम पहल




**नोएडा ( चेतना मंच )।** सामाजिक संगठन नवरत्न फाउंडेशन ने महिलाओं की सुरक्षा व मदद के लिए अहम कदम उठाया है। फाउंडेशन ने सीएसआर और CII के सहयोग से सेक्टर-33 में पिंक पुलिस बूथ की संस्थापना की है।

नवरत्न फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि एक लम्बे अंतराल के पश्चात नवरत्न फाउंडेशन्स पुनः नोएडा पुलिस के लिये अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करने जा रहे हैं। नोएडा के सेक्टर-33 में स्थित इस्कॉन मंदिर पर महिलाओं की सुरक्षा एवं किसी भी तरह के महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के बचाव के लिए एवं त्वरित सुनवाई के लिये पिंक पुलिस बूथ को मैजेस्टिक ऑटो लिमिटेड के CSR के तहत और CII के सहयोग से प्रारम्भ किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अभी पिंक पुलिस बूथ को वहाँ स्थापित कर दिया गया है और कुछ ही समय में इसका औपचारिक उद्घाटन होने जा रहा है।

# हग्स लाइफ हॉलिस्टिक ने रचा इतिहास.. जिला जेल लुक्सर में सर्वप्रथम किया नशा उन्मूलन का आग़ाज़



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** हग्स लाइफ हॉलिस्टिक नशा मुक्ति केन्द्र ने विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतम बुद्ध नगर, सचिव, अपर जिला जज ऋचा उपाध्याय की अध्यक्षता में तीन सौ नशे की लत से पीड़ित बन्दियों को नशे की लत से बचाव के लिए लुकसर जेल में नशा उन्मूलन की दिशा में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष लवलिट पीर ने जेल प्रशासन व बन्दियों और मौजूद सभी को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई, जिनके साथ डीएम मनीष वर्मा, जेल प्रशासन के अध्यक्ष बृजेन्द्र कुमार, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट शिशिर कुशवाहा, मुख्य चिकित्सक अधिकारी नरेन्द्र कुमार, प्रख्यात मनोरोग विशेषज्ञ सतीश कुमार, समाज सेविका रचना वशिष्ठ, मोटिवेशनल स्पीकर राकेश मस्सी एवं राजीव कुमार व अन्य जेल प्रशासन मौजूद रहा। सभी ने लवलिट पीर के निस्वार्थ भाव से जेल प्रशासन में दिए प्रेरणादायक कार्यक्रम की सराहना की।

जिला मजिस्ट्रेट मनीष वर्मा व जेल अधीक्षक बृजेश कुमार ने बताया कि लुक्सर जेल में नशे से सम्बन्धित सर्वप्रथम हग्स लाइफ हॉलिस्टिक सन्स्थान ने जो कार्यक्रम प्रस्तुत करके मिसाल कायम की है वह गौतम बुद्ध नगर में ऐतिहासिक कदम है साथ ही डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट मनीष वर्मा को जब जेल अधीक्षक ब्रजेश कुमार से जानकारी मिली के जेल के भीतर बन्दियों को बीड़ी सिगरेट उपलब्ध कराई जाती है तो, लवलिट पीर द्वारा 'नशा मुक्त जेल' की शपथ दिलाई जाने के आगाज़ के बाद तत्काल प्रभाव से डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट ने जेल में बन्दियों के धूम्रपान पर रोक लगाने के मौखिक आदेश दे दिए।

# 28 मार्च से होगा नववर्ष स्वागत उत्सव उमंग का आगाज




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** गत 19 वर्षों की भांति इस वर्ष भी भारतीय नववर्ष संवत 2082 के शुभारम्भ के अवसर पर भारत नवनिर्माण ट्रस्ट के अन्तर्गत, भारतीय पर्व आयोजन समिति के तत्वावधान में भारतीय नववर्ष स्वागत उत्सव 'उमंग 2082' का आयोजन 28 मार्च से 31 मार्च 2025 तक सम्राट मिहिर भोज सिटी पार्क, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया जा रहा है। इसमें स्कूली बच्चों की भारतीय खेलों की विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ साथ विभिन्न सांस्क्रतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। 29 मार्च को चंद्रा म्यूजिक द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा तथा 31 मार्च को भारत विकास परिषद् द्वारा कवि सम्मलेन का आयोजन किया जायेगा।

आयोजन समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा अर्थात पहले नवदुर्गों से प्रारम्भ होता है और यह पूर्णतः वैज्ञानिक, शास्त्र सम्मत और प्रकृति के अनुकूल है। कहा जाता है कि आज ही के दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि का निर्माण किया था। लगभग 57 ईसा पूर्व, प्रसिद्ध सम्राट विक्रमादित्य ने शकों पर अपनी जीत के उपलक्ष्य में इस कैलेंडर प्रणाली की स्थापना की थी। तब से, विक्रम संवत कैलेंडर को हिंदू नववर्ष सहित महत्वपूर्ण हिंदू त्योहारों की गणना से जटिल रूप से जोड़ा गया है। समिति के सह संयोजक सौरभ बंसल ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था, स्वामी दयानंद सरस्वती जी द्वारा आर्य समाज की स्थापना भी इसी दिन की गयी थी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक पूज्य डॉ श्री केशव बलिराम् हेडगेवार जी की जन्म तिथि भी इसी दिन होती है।

इस अवसर पर नववर्ष का स्वागत केवल मानव ही नहीं पूरी प्रकृति कर रही होती है। ऋतुराज वसंत प्रकृति को अपने आगोश में ले चुके होते हैं, पेड़ों की टहनियां नई पत्तियों के साथ इठला रही होती हैं, पौधे फूलों से लदे इतरा रहे होते हैं। खेत सरसों के पीले फूलों की चादर से ढंके होते हैं। नवजीवन का प्रारंभ मधुमास के रूप में प्रकृति नया श्रृंगार करती है। इसलिए यह सभी भारतीयों के लिए गौरवपूर्ण दिन है।

सरोज तौमर ने बताया कि 28 मार्च को रंगोली और मिले सुर मेरा तुम्हारा - एकल प्रतियोगिता, 29 मार्च को चित्रकला, मेहंदी एवं मिले सुर मेरा तुम्हारा - समूह, 30 मार्च को इंद्रधनुष व एकल नृत्य तथा 31 मार्च को समूह नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जायेंगीं।

विवेक अरोड़ा ने बताया कि 28 मार्च को संघ के सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख हरीश रौतेला, 29 मार्च को सह प्रान्त संपर्क प्रमुख वेदपाल आर्य तथा 30 मार्च को विश्व हिन्दू परिषद् के राष्टीय प्रचार - प्रसार प्रमुख विजय शंकर तिवारी मुख्य वक्ता के रूप में रहने वाले हैं।

मेले में मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)- कौशल विकास, उत्तर प्रदेश सरकार, विशिष्ट अतिथि डॉ महेश शर्मा, सांसद - गौतमबुद्ध नगर; अतुल गर्ग, सांसद गाजियाबाद, तेजपाल नागर, विधायक - दादरी; धीरेन्द्र सिंह, विधायक- जेवर; श्रीचंद शर्मा, शिक्षक विधायक (एमएलसी) रहने वाले हैं। प्रेस वार्ता में गुड्डी तोमर, बीना अरोरा, संगीता सक्सेना, मीनाक्षी माहेश्वरी, विवेक अरोरा, अनुज सिंघल व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# करणी सेना ने दी चेतावनी



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** करणी सेना की घोड़ी बछड़ा गांव में एक बैठक हुई। जिसमें हाल ही में राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राणा सांगा के बारे में अभद्र टिप्पणी की गई । जो किसी भी कीमत पर माफी लायक नहीं है। बैठक में करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर मोहित सिंह रावल ने कहा कि यदि रामजीलाल सुमन के खिलाफ कोई सरकार द्वारा कार्रवाई नहीं की गई तो 28 मार्च को कलेक्ट्रेट और टेंपल नगर पर धरने के साथ-साथ रामजीलाल सुमन का पुतला फूंकने का कार्य करने करेगी। जिसकी जिम्मेदार सरकार की होगी।सरकार से हमारी मांग है की रामजीलाल सुमन की सदस्यता बर्खास्त की जाए और उसको जेल में डाला जाए।


## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि० मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर/समाडि/समन्वय, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा, निम्नलिखित कार्य हेतु विड सिस्टम आधारित खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम :** निविदा सूचना संख्या 06-2025-CW "सप्लाई, इन्सटॉलेशन एण्ड कमीशनिंग ऑफ आई ओ टी बेस्ड वॉटर लेवल इंडीकेटर एण्ड मॉनिटरिंग सिस्टम फॉर कोचेज ऑफ कुशीनगर एक्सप्रेस (ट्रेन 22537/22538) विद अंडरस्लंग एण्ड ओवरहेड वॉटर टैंक एट गोरखपुर कोचिंग डिपो।" **अनुमानित लागत (रू० में) :** रु० 74,34,000.00 **अग्रिम धन (रू० में) :** रू०. 148,700.00 • निविदा की अवधि -09 माह • ई निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय **18.04.2025, 15:00 बजे** तक एवं यह ई-निविदा **दिनांक 18.04.2025** को **15:00 बजे** के बाद खोली जायेगी। • इस ई-निविदा से सम्बंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्तें, पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। • निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिचित करें।

वरि0 मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर/समाडि/समन्वय, लखनऊ

मुजाधि/यॉत्रिक-137

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**


## पृष्ठ एक के शेष...

**8 साल में 8.50 लाख...**

उन्होंने कहा कि किसी भी युवा के लिए शासकीय नौकरी मिलना उसके सपने को उड़ान देने जैसा है। अभिभावकों, मित्रों ने जो सपना देखा वह पूरा हो रहा है। आठ वर्ष पहले यही आयोग भर्ती बोर्ड की क्या स्थिति थी किसी से छिपा नहीं है। अनेक याचिका लंबित थीं। हाईकोर्ट ने भी सरकार के कामकाज पर सवाल उठाया था।

**कंपनी के मैनेजर के...**

बताई जा रही है। डीसीपी ग्रामीण और एसीपी मोदीनगर ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। गांव अमराला के रहने वाले रजनीश शर्मा एक निजी कंपनी में मैनेजर हैं। पत्नी रचना शर्मा ने बताया कि बुधवार रात करीब 10.30 बजे वह और रजनीश व रजनीश की बहन अनुपमा शर्मा के साथ गांव पट्टी मार्ग पर जंगल की तरफ टहलने गए थे। तभी तीन नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और मोबाइल की टॉर्च से रजनीश का चेहरा देखकर उनके सीने में गोली मार दी।


गोली लगते ही लहूलुहान रजनीश जमीन पर गिर गए। बहन अनुपमा शर्मा शोर मचात हुए गांव की तरफ दौड़ी तो बदमाश उन्हें और रचना को बंधक बनाकर पास ही स्थित एक खेत में ले गए। धमकाया कि रजनीश व उसकी पत्नी रचना को मारने की 25 लाख रुपए सुपारी मिली है।

बदमाशों ने उन्हें हथियार की बट मारकर घायल कर दिया। परिजनों ने गंभीर हालत में रजनीश को गाजियाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद रात करीब बारह बजे चार बदमाशों ने गांव के बाहरी छोर पर बने किसान अजित सिंह के घर का दरवाजा खटखटाया। अजित ने जैसे ही दरवाजा खोला तो बदमाशों ने अजित को भी गोली मार दी।






## मुक्तक



डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी ( राही )
ज्ञानपुर ( भदोही )

आदमी अब जानवर की स्वयं
परिभाषा बना है,
भस्म करने विश्व को
वह आज दुर्वासा बना है राक्षसों की रह गई
अब क्या ज़रूरत सोचिए
आदमी जब आदमी के खून
का प्यासा बना है।


## दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com, raghuvanshirampal365@gmail.com, raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com

## खास खबर

### एअर इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए बनाई एक नई यात्रा नीति

**मुंबई।** भारतीय विमानन कंपनी एअर इंडिया ने अपनी कर्मचारियों के लिए एक नई यात्रा नीति का ऐलान किया है, जिसके तहत कंपनी के सीईओ, शीर्ष अधिकारी और वरिष्ठ कमांडर इकोनॉमी क्लास में यात्रा करेंगे। यह नीति अगले महीने से चरणबद्ध तरीके से लागू होगी। इस नीति के अनुसार, शीर्ष प्रबंधन के लिए यह विवरण 1 अप्रैल से लागू होगा, जबकि वरिष्ठ कमांडरों के लिए यह 1 जून से प्रभावशाली होगी। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि इस नीति का मकसद है कंपनी की प्रीमियम सीटें उपलब्ध रखना ताकि ग्राहकों को सुविधा मिले। नई एअर इंडिया की इस सिर्फ कर्मचारियों के लिए नहीं, बल्कि ग्राहकों के लिए भी एक चुनौतीपूर्ण अवसर है जो कंपनी की प्रगतिशील सोच और ग्राहक-केंद्रित संस्कृति को दशार्ती है। इसके साथ ही नीति में अपग्रेड विकल्प भी शामिल है जो ग्राहकों को बेहतर सुविधा प्रदान करता है।

### ओरिक्स इंडिया को 300 करोड़ का मिला इक्विटी निवेश

**नई दिल्ली।** ओरिक्स कॉपोर्रेशन ने अपनी भारतीय सहायक कंपनी ओरिक्स कॉपोर्रेशन इंडिया लिमिटेड में विकास और विस्तार करने के लिए 300 करोड़ रुपये का इक्विटी निवेश किया है जो भारत के तेजी से बढ़ते मोबिलटी और वित्तीय सेवा क्षेत्रों के लिए है। कंपनी ने अपने बयान में कहा कि यह निवेश भारत में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने और ओरिक्स इंडिया के लीजिंग, मोबिलिटी और वित्तीय सेवा व्यवसायों के विस्तार में तेजी लाने के उसके दृष्टिकोण को रेखांकित करता है।

### मारुति हरियाणा के खरखौदा में तीसरा संयंत्र लगाने के लिए 7410 करोड़ का करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के निदेशक मंडल ने हरियाणा के खरखौदा में तीसरा संयंत्र स्थापित करने के लिए 7410 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दे दी है। इससे कंपनी के उत्पादन में प्रति वर्ष 2.5 लाख वाहन जुड़ जाएंगे। मारुति सुजुकी इंडिया ने बुधवार को शेयर बाजार को नियामक फाइलिंग में दी जानकारी में बताया कि कंपनी के बोर्ड ने खरखौदा में तीसरा प्लांट लगाने को अपनी मंजूरी दे दी है। इसके लिए 7410 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इस नई सुविधा से कंपनी के उत्पादन में प्रति वर्ष 2.5 लाख वाहन जुड़ जाएंगे। प्रस्तावित संयंत्र के 2029 तक पूरा होने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि खरखौदा में मौजूदा उत्पादन क्षमता 2.5 लाख इकाई प्रति वर्ष है, जबकि 2.5 लाख इकाई सालाना उत्पादन क्षमता वाला एक और संयंत्र निमार्णाधीन है।

### एलएंडटी को कतर एनर्जी एलएनजी से मिला बड़ा ठेका

**मुंबई।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को कतर एनर्जी एलएनजी से अपने अपतटीय हाइड्रोकार्बन कारोबार के लिए बड़ा ठेका मिला है। लार्सन एंड टुब्रो ने बताया, ह्यह्यविश्व की प्रमुख एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) कंपनी कतर एनर्जी एलएनजी ने लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड (एलएंडटी) के हाइड्रोकार्बन कारोबार (एलएंडटी एनर्जी हाइड्रोकार्बन-एलटीईएच) को ह्यनॉर्थ फील्ड प्रोडक्शन सस्टेनेबिलिटी ऑफशोर कम्प्रेशन प्रोजेक्ट के लिए बेहद बड़ा ठेका दिया है। एलएंडटी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एस.एन. सुब्रह्मण्यन ने कहा, हम परियोजना क्रियान्वयन में नए मानक स्थापित करने के लिए तत्पर हैं।

# अमेरिकी आर्थिक नीति में बदलाव भारत के लिए है लाभकारी : रिपोर्ट

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिका की नई आर्थिक नीतियों के कारण उभरते बाजारों में तेजी आने की संभावना है, और भारत को इससे सबसे अधिक लाभ मिलने की उम्मीद है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का भारतीय बाजारों में निवेश फिर से मजबूत हो रहा है। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की इंडिया स्ट्रैटेजी रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की विकसित होती राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों से वैश्विक आर्थिक गतिशीलता में बड़ा बदलाव आया है। यह परिवर्तन निवेश के अवसरों को नए रूप में ढालेगा और निवेशकों को रणनीतिक रूप से आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जैसे-जैसे



पूंजी अमेरिकी डॉलर आधारित संपत्तियों से हट रही है, भारत अपने मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे, अनुकूल नीतिगत माहौल और आकर्षक मूल्यांकन के कारण वैश्विक पूंजी प्रवाह का प्रमुख लाभार्थी बनता जा रहा है। एफआईआई की बढ़ती दिलचस्पी के कारण भारतीय शेयर बाजार में 4.5 प्रतिशत की बढ़त बनी रहने की संभावना है। भारत की मजबूती और विदेशी निवेश में वृद्धि इस रिपोर्ट में कहा गया है, कि कमजोर डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में गिरावट के चलते भारतीय शेयर बाजार में एफआईआई का निवेश बढ़ेगा। इसके अलावा, भारत की मजबूत राजकोषीय और मौद्रिक स्थिरता इसे वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाती है। एमके ग्लोबल को उम्मीद है कि भारतीय बाजारों में तेजी जारी रहेगी, क्योंकि वैश्विक पूंजी अब गैर-डॉलर परिसंपत्तियों की ओर स्थानांतरित हो रही है। निवेशकों के लिए रणनीतिक सुझाव रिपोर्ट के अनुसार, निवेशकों को घरेलू खपत, निवेश और पूंजीगत वस्तुओं से जुड़े क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जबकि अमेरिकी बाजारों पर अत्यधिक निर्भर व्यवसायों में निवेश को सीमित करना चाहिए। बैंकिंग और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) द्वारा बाजार में तेजी लाने की संभावना है। छोटे और मध्यम आकार की कंपनियों (एसएमआईडी) के शेयरों में सुधार के संकेत मिल रहे हैं, जिससे आगे की वृद्धि की संभावना मजबूत हो रही है। अमेरिका की रणनीतिक आर्थिक नीति में बदलाव ट्रंप प्रशासन आर्थिक नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव लागू कर रहा है, जिसमें ढीली राजकोषीय और सख्त मौद्रिक नीति से कड़ी राजकोषीय और ढीली मौद्रिक नीति की ओर रुख किया जा रहा है। इस बदलाव का उद्देश्य व्यापक आर्थिक असंतुलनों को दूर करना और अमेरिका की वैश्विक जीडीपी (24 प्रतिशत), बाजार पूंजीकरण (70 प्रतिशत) और आरक्षित मुद्रा के रूप में डॉलर की स्थिति को फिर से मजबूत करना है। रिपोर्ट में निष्कर्ष के तौर पर बताया गया है, कि अमेरिका की नई आर्थिक रणनीति भारत के लिए महत्वपूर्ण विदेशी निवेश को आकर्षित करने का मार्ग प्रशस्त कर रही है, जिससे कमजोर डॉलर और कम बॉन्ड यील्ड का लाभ उठाया जा सकता है।

# भारती एयरटेल ने 5,985 करोड़ रुपये की स्पेक्ट्रम देनदारियों का किया भुगतान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल लिमिटेड और इसकी सहायक कंपनी भारती हेक्साकॉम लिमिटेड ने उच्च ब्याज वाली 5,985 करोड़ रुपये की स्पेक्ट्रम देनदारी का भुगतान दूरसंचार विभाग (डॉट) को कर दिया है। एयरटेल ने बुधवार को एक बयान में कहा कि दूरसंचार विभाग को अतिरिक्त 5,985 करोड़ का भुगतान किया गया है, जिससे 2024 की नीलामी से संबंधित 8.65 फीसदी की उच्च लागत वाली ब्याज देनदारियों का पूरा भुगतान हो गया है। एयरटेल की सहायक कंपनी नेटवर्क आई2आई लिमिटेड ने भी स्वेच्छा से एक अरब डॉलर के परपेचुअल नोट्स मंगाए और भुनाए हैं। दूरसंचार कंपनी ने बताया कि हालिया भुगतान के साथ एयरटेल ने अब चालू वित्त




वर्ष 2024-25 के लिए उच्च लागत वाली स्पेक्ट्रम देनदारियों के 25,981 करोड़ रुपये का प्रीपेड भुगतान कर दिया है। इसके साथ कंपनी ने अबतक संचयी रूप से स्पेक्ट्रम देनदारी के मद में 66,665 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। कंपनी के मुताबिक एयरटेल ने अपनी उच्च लागत वाली स्पेक्ट्रम देनदारियों का पूर्व भुगतान जारी रखा है, जिससे उसका कर्ज और कर्ज की लागत कम हो रही है।

# अम्ब्रेन ने लॉन्च किया 20,000 एमएएच क्षमता वाला पावर बैंक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मोबाइल एक्सेसरीज और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स में एक भरोसेमंद नाम, गर्व से पेश करता है 20 जो हाई परफॉर्मेंस और पोर्टेबिलिटी का एक शानदार मिश्रण है। इसमें मजबूत 20,000 एमएएच बैटरी है, जो को सपोर्ट करती है और तीन के साथ कई डिवाइसेज को एक साथ चार्ज करने की सुविधा देती है। इसकी कीमत 1899/- है, 20 छह महीने की के साथ आता है और की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। यह दो स्टाइलिश रंगों में पेश किया गया है- जो इसे आधुनिक यूजर्स के लिए एक बहुमुखी और ट्रैवल-फ्रेंडली चार्जिंग सॉल्यूशन बनाता है। एडवेंचर को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया, 20 यात्रियों और हाइकर्स के लिए एकदम सही




साथी है जो परफॉर्मेंस और पोर्टेबिलिटी की मांग करते हैं। इसकी विशाल 20,00क्षमता लंबी यात्राओं के दौरान आपके डिवाइसेज को रखती है, जबकि इनोवेटिव एक लूप के रूप में भी काम करती है, जो बेजोड़ सुविधा और पोर्टेबिलिटी प्रदान करती है। चाहे आप पहाड़ों में ट्रेकिंग कर रहे हों या शहरी परिदृश्य में घूम रहे हों, यह जरूरत पड़ने पर भरोसेमंद पावर की गारंटी देता है। ऑप्शंस देता है, जिसमें 22 और 20 शामिल हैं, जो विभिन्न डिवाइसेज को चार्ज करने की लचीलापन प्रदान करते हैं। आपको रियल-टाइम चार्ज स्टेटस की जानकारी देते हैं, जबकि एडवांस्ड प्रोटेक्शन सर्किट्स सुरक्षित चार्जिंग सुनिश्चित करते हैं और कनेक्टेड गैजेट्स की बैटरी हेल्थ को बनाए रखते हैं। सामग्रियों से बन 20और कॉम्पैक्ट है, जो इसे एक आदर्श ट्रैवल साथी बनाता है। इसका प्रीमियम इसकी सौंदर्य अपील को बढ़ाता है, जबकि इसकी बहुमुखी चार्जिंग क्षमताएं प्रोफेशनल्स, स्टूडेंट्स, और रोजमर्रा के यात्रियों की मांगों को पूरा करती हैं. यात्रियों के अलावा। इनोवेशन के प्रति प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, 20 कटिंग-एज टेक्नोलॉजी को स्थानीय शिल्प कौशल के साथ जोड़ता है, जो ब्रांड के कालिटी और भरोसेमंदी पर फोकस को दशार्ता है।

# भारत में दूध उत्पादन में वृद्धि : मंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत का दूध उत्पादन पिछले 10 वर्षों में ऐतिहासिक रूप से बढ़कर 63.56 प्रतिशत तक उछाल दिखाया है। 2014-15 में 146.3 मिलियन टन से यह उत्पादन 2023-24 के दौरान 239.2 मिलियन टन के निकट आ पहुंचा है, जिसकी वार्षिक वृद्धि दर 5.7 प्रतिशत है। यहाँ खास बात यह है कि भारत के दूध का उत्पादन विश्व में औसत से भी अधिक बढ़ रहा है। मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने संसद में बताया कि प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता भारत में पिछले एक दशक में 48 प्रतिशत बढ़कर 2023-24 के दौरान 471



ग्राम/व्यक्ति/दिन से भी अधिक हो गई है। विश्व में इस संदर्भ में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 322 ग्राम/व्यक्ति/दिन है। भारत दूध उत्पादन में अब वैश्विक स्तर पर द्रुट विकास कर चुका है और यह अब वैश्विक दूध उत्पादन में 25 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। मंत्री ने बताया कि दूध एवं डेयरी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं के कार्यान्वयन की जानकारी दी। केंद्र के राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) को पूरे देश में लागू किया जा रहा है ताकि राज्य सरकारों द्वारा दूध उत्पादन और प्रोसेसिंग के लिए की गई पहल को सफल बनाया जा सके। एनपीडीडी के तहत डेयरी क्षेत्र में राज्य सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली मिल्क टेस्टिंग इक्विपमेंट के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण और मजबूती को दृढ़ करने पर ही ध्यान केंद्रित है। सहकारिता के माध्यम से डेयरी योजना के द्वारा किसानों की पहुंच बढ़ाने और डेयरी उत्पादों की बिक्री को बढ़ाने का काम किया जा रहा है।

# सैमसंग ने गैलेक्सी ए26 5जी 22999 रुपये में किया लॉन्च




एजेंसी

**रांची।** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने एआई की ताकत के साथ अपने सबसे किफायती स्मार्टफोन गैलेक्सी ए26 5जी को लॉन्च किया है। कंपनी नए-नए स्?मार्टफोन लाकर सभी लोगों तक एआई पहुंचाने की कोशिश कर रही है। गैलेक्सी ए26 5जी शानदार अनुभव देता है और इसमें स्टाइल, ड्यूरैबिलिटी और नए-नए फीचर्स का दमदार संयोजन किया गया है। यह हर दिन के इस्तेमाल के लिए एकदम परफेक्ट फोन है। शानदार (ऑसम) इंटेलीजेंस सैमसंग गैलेक्सी ए26 5जी में ऑसम इंटेलिजेंस लेकर आया है, जो रोजमर्रा के कामों को स्मार्ट और आसान बनाता है। इंटेलिजेंट एआई सूट गूगल के साथ सर्कल टू सर्च, एआई सेलेक्ट, ऑब्जेक्ट इरेजर, माई फिल्टर्स और अन्य फीचर्स के साथ यूजर को फोन चलाने का बेहतरीन अनुभव देता है। गूगल के साथ सर्कल टू सर्च पिछले साल गैलेक्सी ए सीरीज डिवाइस पर लोगों का सबसे पसंदीदा फीचर रहा है। अब केवल इमेजेस से आगे बढ़कर, यूजर्स को गाने पहचानने, जानकारी खोजने और कम से कम प्रयास के साथ फौरन कार्रवाई करने की अनुमति देता है।

# जैकब एंड कंपनी ने लॉन्च की सलमान खान स्पेशल एडिशन घड़ी

**मुंबई।** जैकब एंड कंपनी., जो अपनी हाई ज्वेलरी और हाई वॉचमेकिंग के लिए दुनियाभर में मशहूर है, उसने सलमान खान के साथ मिलकर द वर्ल्ड इज योर्स ड्यूल टाइम जोन कलेक्शन का एक लिमिटेड एडिशन लॉन्च किया है। ये एक्सक्लूसिव टाइमपीस सिर्फ एक घड़ी नहीं, बल्कि विरासत, फैमिली बॉन्ड और ग्लोबल कनेक्शन का एक शानदार ट्रिब्यूट है। इंडियन सिनेमा के इस आइकन, सुपरस्टार और फिलान्थ्रोपिस्ट सलमान खान के साथ ये कोलैबोरेशन उनकी खास स्टाइल और पर्सनैलिटी को भी रिफ्लेक्ट करता है। सलमान और जैकब एंड कंपनी. के फाउंडर जैकब अरबो की दोस्ती काफी पुरानी और खास है। सलमान अक्सर जैकब एंड कंपनी. की



घड़ियाँ पहनते हैं, जैसे बुगाटी चिरोन टूरबिलन। लेकिन उनका रिश्ता तब और गहरा हुआ जब सलमान को पता चला कि द वर्ल्ड इज योर्स ड्यूल टाइम जोन घड़ी की इंस्पिरेशन जैकब को उनके पिता से मिली थी–एक ऐसा गिफ्ट जो वक्त की अहमियत और अपनी पूरी काबिलियत पहचानने की सीख देता है। इसी इमोशन को समझते हुए, रँल्ल और जैकब ने मिलकर एक खास घड़ी डिजाइन की, जो सलमान के पिता, दिग्गज राइटर सलीम खान को डेडिकेट की गई है। द वर्ल्ड इज योर्स ड्यूल टाइम जोन सिर्फ एक घड़ी नहीं, बल्कि ग्लोबल ट्रैवलर्स के लिए खासतौर पर डिजाइन किया गया एक अनोखा टाइमपीस है। इसका डोम्ड, थ्री-डायमेंशनल डायल एक घूमते हुए ग्लोब जैसा दिखता है, जो इसकी एक्सक्लूसिव इंजीनियरिंग को और खास बनाता है। इसमें इंडिपेंडेंटली एडजस्टेबल डुअल टाइम जोन कम्प्लिकेशन दिया गया है, जो फाइन वॉचमेकिंग में बहुत कम देखने को मिलता है। अक्सर डुअल-टाइम घड़ियों में दोनों टाइम जोन सिंक में रहते हैं, लेकिन इस घड़ी में घंटे और मिनट को पूरी तरह से अलग-अलग सेट किया जा सकता है।

# सैमसंग से सरकार ने मांगे 5154 करोड़

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सैमसंग व उसके अधिकारियों से 60.1 करोड़ डॉलर (करीब 5,154 करोड़ रुपये) मांगे हैं। सैमसंग पर आरोप है कि उसने देश में प्रमुख दूरसंचार उपकरणों के आयात पर टैरिफ से बचने के लिए हेराफेरी की थी। यह मांग भारत में सैमसंग के पिछले साल के 95.5 करोड़ डॉलर के मुनाफे का बड़ा हिस्सा है। कंपनी नेटवर्क विभाग के जरिये दूरसंचार उपकरणों का आयात करती है। कंपनी को मोबाइल टावरों में उपयोग किए जाने वाले महत्वपूर्ण ट्रांसमिशन कलपुर्जे पर 10 या 20 फीसदी के टैरिफ से बचने के लिए आयात को गलत तरीके से वर्गीकृत करने पर 2023 में चेतावनी दी गई थी। सैमसंग ने कलपुर्जों का आयात कर जियो को बेचा। सैमसंग की जांच 2021 में तब शुरू हुई जब कर निरीक्षकों ने मुंबई व गुरुग्राम में कार्यालयों की तलाशी में दस्तावेज, ईमेल व उपकरण जब्त किए। सीमा शुल्क आयुक्त ने आदेश में कहा, सैमसंग ने कानूनों का उल्लंघन किया है और सीमा शुल्क प्राधिकरण के समक्ष झूठे दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। लाभ बढ़ाने के लिए सैमसंग ने सरकारी खजाने को चूना लगाया। कंपनी ने व्यावसायिक नैतिकताओं और उद्योग मानकों का उल्लंघन किया। सैमसंग विवाद रिमोट रेडियो हेड के आयात पर केंद्रित है। यह एक रेडियो फ्रीक्वेंसी सर्किट है जो छोटे आउटडोर मॉड्यूल में संलग्न होता है।

# अमेजन फ्रेश के 170 से ज्यादा शहरों व कस्बों में पहुंचने की घोषणा

**रांची।** अमेजन इंडिया ने अपनी फुल-बास्केट ग्रॉसरी सर्विस अमेजन फ्रेश के देश के 170 से ज्यादा शहरों एवं कस्बों में पहुंचने की घोषणा की है। 2023 की दूसरी तिमाही के मुकाबले 2024 की दूसरी तिमाही में अमेजन फ्रेश ने साल-दर-साल आधार पर शानदार 50प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। इस तेज विस्तार के साथ अमेजन फ्रेश अमेजन.इन पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली श्रेणियों में शामिल हो गया है। अमेजन फ्रेश गीले और सूखे किराने के सामान की एक विस्तृत रेंज प्रदान करता है, जिसमें फल, सब्ज़ियां, दूध और ब्रेड सहित डेयरी, फ्रोजन उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन, बेबी केयर के जुड़े सामान,




पर्सनल केयर प्रोडक्ट और पेट सप्लाई शामिल है। ग्राहकों को शानदार बचत, विशाल संग्रह और स्लॉटेड डोरस्टेप डिलीवरी की सुविधा के साथ इस सेवा का उद्देश्य खरीदारी का एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करना है। अमेजन फ्रेश इंडिया के डायरेक्टर श्रीकांत राम ने कहा, ₹170 से ज्यादा शहरों/कस्बों में हमारे विस्तार से अमेजन फ्रेश को भारत के टियर-2, टियर-3 शहरों/कस्बों और उससे आगे भी अपनी पहुंच बढ़ाने का मौका मिला है। अमेजन फ्रेश के इस विस्तार से किफायती कीमत पर बेहतरीन गुणवत्ता वाला किराने का सामान ग्राहकों को आसानी से उनके घर पर प्राप्त हो रहा है। 2023 की दूसरी छमाही के मुकाबले 2024 की दूसरी छमाही में हमने 50प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। इसके साथ ही शानदार बचत, यहां उपलब्ध विशाल संग्रह और विश्वसनीय स्लॉट डिलीवरी को लेकर ग्राहकों ने अमेजन फ्रेश की सेवाओं की सराहना की है। हमारा लक्ष्य है कि हम भारत में किराने की ऑनलाइन खरीदारी के क्षेत्र में क्रांति लेकर आएं, साथ ही हमारे ग्राहकों के लिए उनकी हर खरीदारी एक सहज और पुरस्कृत अनुभव बनाएं। ग्राहकों को ताजे और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद मिलें, इसके लिए अमेजन फ्रेश विक्रेता 11,000 से ज्यादा किसानों से फल और सब्ज़ियां खरीदते हैं। सभी उत्पाद ग्राहकों के घर तक पहुंचने से पहले 4-चरण वाली बेहद कठिन गुणवत्ता जाँच प्रक्रिया से गुजरते हैं।

# कलाकारों ने बताए अपने पसंदीदा होममेड समर ड्रिंक्स

**मुंबई।** मार्च के साथ ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है,और चिलचिलाती धूप में राहत पाने के लिए घर पर बने ठंडे और रिफ्रेशिंग समर ड्रिंक्स से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। एण्डटीवी के कलाकार अपने शहरों के पारंपरिक समर ड्रिंक्स शेयर कर रहे हैं, जो उन्हें तरोताजा और ऊजार्वान बनाए रखते हैं। इनमें स्मिता सेबल (भीमाह्य की धनिया), गीतांजलि मिश्रा (हप्पू की उलटन पलटन की राजेश) और विदिशा श्रीवास्तव (भाबीजी घर पर हैं की अनीता भाबी) शामिल हैं। महाराष्ट्र की रहने वाली स्मिता सेबल, जो भीमा में धनिया की भूमिका निभा रही हैं, ने बताया, ह्यह्यगर्मियों में मेरा पसंदीदा ड्रिंक



सोलकढ़ी है। जो घरों में खूब पसंद किया जाता है। यह न सिर्फ शरीर को ठंडक देता है, बल्कि पाचन के लिए भी फायदेमंद होता है, कच्चे आम से बनने वाला यह खट्टा-मीठा ड्रिंक गर्मी में मुझे हाइड्रेटेड और एनर्जेटिक रखता है। गीतांजलि मिश्रा ने कहा, मुझे सत्तू शरबत भी बहुत पसंद है जिससे यह ड्रिंक तुरंत एनर्जी देता है और पूरे दिन तरोताजा रखता है। विदिशा श्रीवास्तव कहती हैं, गर्मियों के दौरान ठंडाई जरूरी होती है। दूध, मेवे, केसर और खुशबूदार मसालों से बना यह ड्रिंक न सिर्फ ठंडक देता है, बल्कि शरीर को तरोताजा भी रखता है। ये ड्रिंक्स सिर्फ स्वादिष्ट ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपराओं से भी गहराई से जुड़े हुए हैं।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स व निफ्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले 7 कारोबारी दिन से जारी तेजी का सिलसिला आज थम गया। आज के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिरावट का शिकार हो गए। अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी को लेकर लगातार बढ़ती अनिश्चितता के कारण आज बाजार में नकारात्मक माहौल बना रहा, जिसकी वजह से निवेशकों ने लगातार बिकवाली करके दबाव की स्थिति बना दी। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.93 प्रतिशत और निफ्टी 0.77 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान आईटी, फार्मास्यूटिकल और एनर्जी सेक्टर में लगातार बिकवाली होती रही। इसी तरह




बैंकिंग, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी, मेटल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, ऑटोमोबाइल और कैपिटल गुड्स सेक्टर के कुछ चुनिंदा शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.45 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 411.43 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन मंगलयानी वार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 414.94 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.51 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,143 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 922 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 3,114 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 107 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,619 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 485 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,134 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 5 शेयर बढ़त के साथ और 25 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 9 शेयर हरे निशान में और 41 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 4.26 अंक की सांकेतिक तेजी के साथ 78,021.45 अंक के स्तर पर खुला। पहले 10 मिनट के कारोबार में ही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक 150.68 अंक उछल कर 78,167.87 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने थोड़ी ही देर में लाल निशान में गोता लगा दिया।

### सोना सस्ता , चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन सोने के भाव में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। हालांकि चांदी के भाव में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोना के भाव में आज 300 रुपये से लेकर 330 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। आज की कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 89,280 रुपये से लेकर 89,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 81,840 रुपये से लेकर 81,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु आज भी दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,00,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रही है।

# सैमसंग के धमाकेदार ऑफर्स के साथ मनाएं त्योहारों का जश्नं

एजेंसी

**पटना।** भारत की अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने उगादी, गुड़ी पड़वा और ईद के अवसर पर अपने उपभोक्ताओं के लिए शानदार ऑफर्स लेकर आई है। कंपनी ने एआई-पावर्ड रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर और माइक्रोवेव पर आकर्षक छूट और विशेष डील्स की घोषणा की है। ये ऑफर्स 31 मार्च 2025 तक सीमित समय के लिए उपलब्ध होंगे। चुनिंदा डिजिटल उपकरणों पर 48 प्रतिशत तक की छूट, 20,000 तक का कैशबैक और जीरो डाउन पेमेंट विकल्प। वाशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर




और अन्य उत्पादों पर 499 से शुरू होने वाली विशेष वारंटी योजनाएं। डिजिटल इन्वर्टर कंप्रेसर और मोटर पर 20 साल, माइक्रोवेव के सिरेमिक इनेमल कैविटी पर 10 साल, और एयर कंडीशनर पर 5 साल की वारंटी। बीस्पोक एआई विंड फ्री एसी का मुफ्त इंस्टॉलेशन। सैमसंग के ये ऑफर्स सैमसंग डांट कांम और देशभर के चुनिंदा सैमसंग रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध होंगे, जिससे उपभोक्ता अपने घरों को स्मार्ट और कनेक्टेड डिवाइसेज से अपग्रेड कर सकें।

## खास खबर

### लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाज आवेश फिट हुए

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य तेज गेंदबाज आवेश खान अपनी चोट से उबर गये हैं। आवेश को बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मेडिकल स्टाफ ने खेलने की अनुमति दे दी है। ऐसे में आवेश को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले मैच के लिए शामिल किया जा सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार आवेश के दाहिने घुटने में दर्द था जो अब ठीक है। इसी कारण ये तेज गेंदबाज शुरूआत में आईपीएल 2025 के पहले के कुछ मैचों से बाहर था। आवेश अपने दाहिने घुटने की चोट के कारण इस साल जनवरी से ही खेल से दूर हैं। वह बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे थे, जहां सोमवार को उनका अंतिम फिटनेस मूल्यांकन हुआ। आधिकारिक तौर पर अभी ये पता नहीं चला है कि आवेश कब टीम से जुड़ेंगे। सुपर जायंट्स अपने तेज गेंदबाजों के फिट नहीं होने से परेशान हैं।

### बोल्ड अंदाज में नजर आई नताशा स्टेनकोविक

**मुम्बई ।** क्रिकेटर हार्दिक पांड्या से तलाक के बाद उनकी पूर्व पत्नी और सर्बियाई मॉडल नताशा स्टेनकोविक नताशा एक बार फिर भड़कीलें अंदाज में नजर आयीं हैं। नताशा ने सोशल मीडिया में अपनी बिकिनी की तस्वीरें साझा की हैं। वह समुद्र में मस्ती करती नजर आ रही हैं। क्रिकेट प्रशंसका भी नताशा के इस पुराने रूप को देखकर हैरान हैं। उनकी तस्वीरों पर कई कमेंट भी आ रहे हैं। हार्दिक नताशा स्टेनकोविक के अफेयर की शुरूआत 2018 में शुरू हुई जब वे मुंबई के एक नाइट क्लब में मिले। वहीं साल 2018 : में पंड्या ने मुंबई में एक भव्य जन्मदिन समारोह की मेजबानी की, जिसमें नतासा उपस्थित थीं। दोनों पहली बार मिले। वहीं साल 2020 : में कोरोना महामारी के बीच ही लॉकडाउन में दोनो की शादी हुई। वहीं इसके बाद दोनों के घर बेटे अगस्त्य पंड्या का जन्म हुआ, जो उनके रिश्ते में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ।

### केन्या के धावक नेशनल ट्रायल्स में लेंगे भाग

**कंपाला।** अफ्रीका के सबसे तेज धावक और केन्या के स्टार फरार्टा धावक फर्डिनेंड ओमान्याला 29 मार्च, शनिवार को होने वाले युगांडा के तीसरे राष्ट्रीय एथलेटिक्स ट्रायल्स में भाग लेंगे। युगांडा एथलेटिक्स फेडरेशन (यूएएफ) के अध्यक्ष डॉमिनिक ओतुचेट ने मंगलवार को शिन्हुआ को बताया कि ओमान्याला सहित कुल 10 केन्याई धावक इन राष्ट्रीय ट्रायल्स में हिस्सा लेंगे। ओतुचेट ने कहा, हमारे लिए यह खुशी की बात है कि ओमान्याला, जो 100 मीटर में अफ्रीका के सबसे तेज धावक हैं और विश्व के शीर्ष 10 धावकों में शामिल हैं, हमारे नेशनल ट्रायल्स की शोभा बढ़ाएंगे। वह पुरुषों की 100 मीटर स्पर्धा और 4७100 मीटर रिले में हिस्सा लेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि ये ट्रायल्स विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, जिनमें वर्ल्ड चैंपियनशिप भी शामिल है, से पहले खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सुधारने में मदद करेंगे। ओमान्याला युगांडा के युवा धावकों को प्रेरित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

# आईपीएल में आज लखनऊ सुपर जॉइंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद में होगी टक्कर

एजेंसी

**हैदराबाद।** लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगी। इस मैच में दोनो ही टीमों के बीच कड़ी टक्कर होने की संभावना है। कप्तान ऋषभ पंत की सुपर जॉइंट्स की टीम को पहले ही मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हार मिली थी। ऐसे में उसपर किसी भी हाल में ये मैच जीतने का दबाव रहेगा। वहीं दूसरी ओर कप्तान पैट कमिंस की सनराइजर्स ने पहले ही मैच में राजस्थान रॉयल्स को हराया था। ऐसे में उसका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा और वह जीत की लय बनाये रखने उतरेगी। सनराइजर्स की दावेदारी इसलिए भी प्रबल मानी जा



रही है क्योंकि उसके पास एक से बढ़कर एक आक्रामक बल्लेबाज हैं जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमक को धवस्त कर सकते हैं। रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में उसकी टीम ने आईपीएल का अब तक का सबसे अधिक सकोर 286 रन बनाया था। उसके पास कई आक्रामक बल्लेबाज हैं जिनका अंकुश लगाना दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों के लिए आसान नहीं होगा। कई प्रमुख गेंदाबाजों के चोटिल होने से भी सुपर जॉइंट्स की परेशानी बढ़ी है हालांकि इस मैच से पहले तेज गेंदबाजा आवेश खान के फिट होने से टीम को थोड़ी राहत मिली है। सनराइजर्स की ओर से ईशान किशन ने पहले ही मैच में शतक लगाकर अपनी इरादे जाहिर कर दिये थे। अब उसे किसी प्रकार दिल्ली के गेंदबाज रोकेंगे ये देखना होगा। इसके अलावा टीम के पासा अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड और हेनरिक क्लासेन और नीतीश कुमार रेड्डी जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। इस प्रकार के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने सुपर जॉइंट्स के गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। लखनऊ के लिए चिन्ता की बात ये है कि उसके कप्तान ऋषभ पिछले मैच में शून्य पर ही आउट हो ये थे। इसके अलावा उनकी विकेटकीपिंग भी अच्छी नहीं थी और उन्होंने कई अवसर गंवाये थी। ऐसे में इस मैच में उन्हें कोई गलती नहीं करनी होगी।

## ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में शामिल होने सुनील किस्पोट्टा गए हैदराबाद



**रांची ।** कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में 26 से 29 मार्च तक तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में सीनियर ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। इस चैंपियनशिप में देश भर से हजारों खिलाड़ी और पदाधिकारी भाग ले रहें है। इस चैंपियनशिप में शामिल होने और झारखंड के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेरमैन सह ईस्ट इंडिया कराटे एसोसिएशन के संयुक्त सचिव शिहान सुनील किस्पोट्टा रांची एयरपोर्ट से हैदराबाद के लिए रवाना हुए। शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा की अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों पर इस ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप का आयोजन हैदराबाद में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का शामिल होना ही एक बड़ी उपलब्धि है।

## लियोनेल मेसी 14 साल बाद आएंगे भारत

**नई दिल्ली।** फुटबॉल प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। 14 साल बाद लियोनेल मेसी और अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम भारत का दौरा करने वाली है। अक्टूबर 2025 में केरल के कोच्चि में अर्जेंटीना एक प्रदर्शनी मैच खेलेगी। एचएसबीसी इंडिया ने अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) के साथ साझेदारी की है, जिसके तहत भारत में फुटबॉल को बढ़ावा दिया जाएगा। इस करार के तहत अर्जेंटीना की टीम भारत का दौरा करेगी और एक दोस्ताना मुकाबला खेलेगी। एचएसबीसी इंडिया ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, इस साझेदारी के तहत अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम, जिसमें दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी भी शामिल हैं, अक्टूबर में भारत का दौरा करेगी और एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी मैच खेलेगी।

## फीफा विश्व कप के लिए अर्जेंटीना ने किया सीधा क्वालीफाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2026 के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया है। मंगलवार (भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह) को खेले गए क्वालीफायर मुकाबले में बोलीविया और उरुग्वे के बीच ड्रॉ होने के बाद अर्जेंटीना को टूनार्मेंट का टिकट मिल गया।
अब लियोनेल स्कालोनी की टीम अपने अगले क्वालीफायर मुकाबले में ब्राजील से भिड़ेगी। यह मुकाबला मंगलवार को ब्यूनस आयर्स के एस्टाडियो



मोन्यूमेंटल में खेला जाएगा। इस मैच से पहले ही अर्जेंटीना ने विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली है। अगर उरुग्वे यह मैच हार जाता तो अर्जेंटीना को ब्राजील के खिलाफ कम से कम एक अंक की जरूरत होती। हालांकि, बोलीविया और उरुग्वे के गोलरहित ड्रॉ ने अर्जेंटीना की राह आसान कर दी।अपने पिछले क्वालीफायर में उरुग्वे पर 1-0 की जीत के बाद अर्जेंटीना कम से कम इंटर-कॉन्फेडरेशन प्लेऑफ में जगह बनाने की स्थिति में था। वहीं, इस ड्रॉ के बाद बोलीविया 14 मैचों में 14 अंकों के साथ क्वालीफाइंग तालिका में सातवें स्थान पर है। अर्जेंटीना, जिसने 13 मैचों में 28 अंक जुटाए हैं, अब टॉप-6 में अपनी जगह पक्की कर चुका है, जिससे उसे सीधे विश्व कप में प्रवेश मिल गया है।

## शुभमन ने बताये हार के कारण

एजेंसी

**अहमदाबाद ।** गुजरात टाइंटस के कप्तान शुभमन गिल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले ही मैच में पंजाब किंग्स के हाथों मिली 11 रनों की हार के लिए खराब गेंदबाजी और बल्लेबाजी को जिम्मेदार बताया है। शुभमन ने कहा कि इस मैच में हमारे गेंदबाजों ने अधिक रन दिये। वहीं बल्लेबाजी के दौरान हम तेजी से रन नहीं बना पाये। यहां के से नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए इस मैच में पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 243



का बड़ा स्कोर बनाया। जवाब में पंजाब किंग्स की टीम 232 रनों तक ही पहुंच पायी। शुभमन इस मैच में 14 गेंदों में 33 रन बना पाये। उन्होंने कहा कि हमने पहले हाफ के अंत में बहुत ज्यादा रन दिए। उन्होंने कहा, ह्यजब हम गेंदबाजी और बल्लेबाजी कर रहे थे, तब हमें अवसर मिले पर हम उनका लाभ नहीं उठा पाये। पारी के अंत में हमने बहुत ज्यादा रन दिए। वहीं बीच के ओवरों में हमने 18 रन बनाए। इसके अलावा, पहले तीन ओवरों में हमने ज्यादा रन नहीं बनाए। इसकी कारण से मैच हमारे हाथ से निकल गया।ह्व दूसरी ओर पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने इस मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों पर नाबाद 97 रन बनाये। श्रेयस ने अपनी पारी में नौ छक्के और पांच चौके लगाए।

## मास्टर एथलेटिक्स के राम यादव ने मेडल जीतकर झारखंड का बढ़ाया मान



पंच संवाददाता

**रांची।** मास्टर फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 4 मार्च से 9 मार्च तक आयोजित प्रतियोगिता जो बेंगलुरु में हुआ था । झारखंड मास्टर एथलेटिक्स के राम यादव ने बेंगलुरु में 5000 गोल्ड मेडल 3000 स्टेप परचेज में गोल्ड 10000mt में सिल्वर मेडल जीतकर झारखंड का मान बढ़ाया। इस अवसर पर आज मोराबादी में उनका मेडल पहना कर, राजकुमार वाल्मीकि प्रेसिडेंट ने सम्मानित किया साथ में झारखंड मास्टर एथलेटिक्स के सचिव, लक्ष्मण राम, संजय चक्रवर्ती के,के, ठाकुर मेरी ललिता,प्रभा लकड़ा, सुरेन्द्र, बैरिक जी,अनिल महतो केके महतो ने उने सम्मानित किया गया।

## दिल्ली कैपिटल्स ने राहुल को दी बधाई

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल सहित सभी खिलाड़ियों ने बेटी के जन्म पर केएल राहुल और उनकी पत्नी अथिया शेट्टी को बधाई दी है। कैपिटल्स की ओर से इसी को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी भेजा गया है। इसमें राहुल और अथिया की नवजात बेटी का स्वागत किया गया है। कैपिटल्स ने डीसी परिवार के विस्तार का जश्न शानदार अंदाज में मनाया, जिसमें कोच हेमंग बदानी, कप्तान अक्षर पटेल, मेंटर केविन पीटरसन, ट्रिस्टन स्टब्स और जेक फ्रेजर मैकगर्क नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में सभी क्रिकेटरों ने गोद में हाथ डाले हुए केएल राहुल और अथिया को शुभकामनाएं दीं। वीडियो में अक्षय कुमार की फिल्म हे बेबी का गाना मेरी दुनिया तू ही रे का संगीत भी बज रहा था।

खेलो इंडिया सिमडेगा जिला अस्मिता हॉकी लीग

## सिमडेगा प्रखंड प्रथम, जलडेगा प्रखंड द्वितीय और ठेठईटांगर प्रखंड तृतीय स्थान प्राप्त की

एजेंसी

**रांची ।** भारतीय खेल प्राधिकरण (युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय) के सहयोग एवम पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवम युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार जिला खेल कूद विभाग सिमडेगा और हॉकी सिमडेगा के द्वारा खेलो इंडिया सिमडेगा जिला अस्मिता हॉकी लीग 2025 का आयोजन एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में किया गया । जिसमे सिमडेगा जिला के विभिन्न प्रखंड से कुल 10 टीमों ने 180 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनका आपस में मैच कराया गैप । फाइनल मैच सिमडेगा प्रखंड और जलडेगा के



बीच खेला गया ,जिसमें संघर्षपूर्ण मुकाबले में सिमडेगा प्रखंड की टीम 1=0 से जलडेगा को पराजित कर विजेता बनी, जलडेगा प्रखंड उपविजेता बनी ,जबकि तृतीय स्थान के लिए ठेठईटांगर प्रखंड पश्चिमी और केरसई प्रखंड पश्चिमी के बीच खेले गए मैच का निर्णय ट्राइब्रेकर से किया गया जिसमे ठेठईटांगर प्रखंड 3=1 से मैच जीत कर तृतीय स्थान प्राप्त की। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करनी वाली टीमों को मुख्य अतिथि जिला नियोजन पदाधिकारी सुश्री आशा मैक्सिमा लकड़ा, जिला खेल पदाधिकारी श्री प्रवीण कुमार और हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोणबेगी ने ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से जिला खेल कोडिनेटर मनीष जी, हॉकी सिमडेगा के पंखरासियुस टोप्पो, कुबूल भेंगरा, रोहित बेसरा, फ्लेबियूस तिर्की, सुजीत एक्का, रीना कुमारी ,राजमणि कुमारी, हॉकी कोच सुभिला मिंज, रेणुका सोरेंग, बिमला सोरेंग, सिदिलिया तिर्की, मरियम सोरेंग, आशा बा, बसंती जोजो, एंटोनिया सोरेंग, एथलेटिक्स कोच दिनेश ,मनसुख जोजो,सिमडेगा सदर हॉस्पिटल की मेडिकल टीम तथा सिमडेगा पुलिस के सुरक्षाकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सुनील कुमार ने ग्रीको-रोमन कुश्ती में जीता कांस्य पदक

एजेंसी

**अम्मान।** भारतीय पहलवान सुनील कुमार ने मंगलवार को एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में 87 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।
कांस्य पदक मुकाबले में सुनील ने चीन के जियाक्सिन हुआंग को हराया। इससे पहले वह सेमीफाइनल में हारकर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गए थे।
2019 में रजत पदक जीतने वाले सुनील की कोशिश अपनी पुरानी फॉर्म को वापस पाने की है। उन्होंने प्रतियोगिता की शुरूआत ताजिकिस्तान के सुखरोब अब्दुलखाएव के खिलाफ दमदार



अंदाज में की, जहां उन्होंने दूसरे पीरियड में 10-1 से बड़ी जीत दर्ज की। हालांकि, सेमीफाइनल में ईरान के यासीन यज्दी ने 3-1 से हराकर उनका फाइनल में पहुंचने का सपना तोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने कांस्य के लिए मुकाबला खेला। सागर ठाकरान (77 किग्रा) ने अपने क्वालीफिकेशन मुकाबले में जीत दर्ज की, लेकिन क्वार्टरफाइनल में जॉर्डन के अमरो सादेह के खिलाफ 10-0 से हार गए। सादेह ने पार टेरे (ग्राउंड) पोजीशन से चार अंकों की शानदार थ्रो लगाकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब सागर का आगे का सफर उनके प्रतिद्वंद्वी की सेमीफाइनल की जीत-हार पर निर्भर करता था।
वहीं, उमेश (63 किग्रा) क्वालीफिकेशन राउंड में हार गए, जबकि नितिन (55 किग्रा) और प्रेम (130 किग्रा) भी शुरूआती दौर में बाहर हो गए।
भारतीय ग्रीको-रोमन पहलवानों के लिए यह प्रतियोगिता अब तक चुनौतीपूर्ण रही है, लेकिन सुनील कुमार का कांस्य पदक इस कठिन संघर्ष के बीच टीम इंडिया के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

## इंपैक्ट प्लेयर नियम को अब टी20 क्रिकेट के विकास का हिस्सा मान रहे धोनी

एजेंसी

**मुम्बई ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर बहस जारी है। जहां स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या इसे सही नहीं मानते। वहीं भारतीय टीम के पूर्व कप्तान मेहेंद्र सिंह धोनी का मानना है कि जब इस नियम को पहली बार लागू किया गया तो वह इसकी जरूरत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं थे पर अब उन्हें लगता है कि ये टी20 क्रिकेट के विकास का ही एक हिस्सा है। धोनी हालांकि अपने को इंपैक्ट प्लेयर नहीं मानते हैं। इसका कारण है कि वह अभी



भी विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाते हैं।
धोनी ने कहा, ह्यजब पहली बार यह नियम लागू किया गया तो मुझे लगा कि वास्तव में इसकी जरूरत नहीं है हालांकि कुछ हद तक ये उनके लिए फायदेमंद रहा भी और नहीं भी। साथ ही कहा कि मैं अभी विकेटकीपिंग कर रहा हूं, इसलिए मैं इंपैक्ट प्लेयर नहीं हूं। मुझे इसके अनुसार ही आगे बढ़ना होगा। कई लोगों का कहना है कि इस नियम के कारण बड़े स्कोर बन रहे हैं पर मेरा मानना है कि खिलाड़ियों के सहज होकर खेलने से ऐसा हो रहा है क्योंकि अब उनके ऊपर दबाव नहीं है। वहीं रोहित और पांड्या जैसे खिलाड़ियों का मानना है कि इस नियम से ऑल राउंडरों को नुकसान हो रहा है। टीम इंपैक्ट प्लेयर की भूमिका के लिए आक्रामक बल्लेबाजों को ही शामिल कर रही है।

# ऑक्सीजन पार्क वॉलीबॉल टीम ने रांची जिला वॉलीबॉल लीग का जीता खिताब

एजेंसी

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय स्थित कोर्ट में आज रांची जिला वॉलीबॉल लीग का फाइनल मुकाबला आयोजित किया गया, जिसमें ऑक्सीजन पार्क वॉलीबॉल क्लब ए की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑक्सीजन पार्क बी वॉलीबॉल टीम को हराकर चैंपियनशिप अपने नाम कर ली।
फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जहां दोनों टीमों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः ऑक्सीजन पार्क वॉलीबॉल क्लब ए की टीम ने शानदार जीत हासिल की और विजेता की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।
फाइनल से पहले खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में ऑक्सीजन पार्क ए ने एक कड़े संघर्ष के बाद मारवाड़ी युवक



व्यायामशाला की टीम को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल मैच में ऑक्सीजन पार्क बी ने रांची विश्वविद्यालय कर्मचारी मनोरंजन संघ को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के फाइनल मैच के दौरान रांची विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर श्री अजीत कुमार सिंहा, रांची जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष सुनील सहाय, और सीआईएसएफ, झारखंड, रांची के समादेष्टा हरेंद्र नारायण सिंहा ने खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरित किए और उनकी हौसला अफजाई की। इसके अतिरिक्त, रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू, सुदेश कुमार साहू, प्रीतम कुमार एफ ओ, प्रकाश झा सीसीडीसी रांची यूनिवर्सिटी, अजय प्रकाश कोऑर्डिनेटर, झारखंड वॉलीबॉल संघ एवं रांची जिला वॉलीबॉल संघ के कई गणमान्य सदस्य एवं वरिष्ठ खिलाड़ी भी इस आयोजन का हिस्सा बने।
खेल को आगे बढ़ाने का संकल्प अपने संबोधन में रांची विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर अजीत कुमार सिन्हा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए वॉलीबॉल खेल के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि झारखंड वॉलीबॉल संघ के सहयोग से इस खेल को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के प्रयास किए जाएंगे।
रांची जिला वॉलीबॉल संघ के चेयरमैन श्री सुनील सहाय ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए खिलाड़ियों को अपने कौशल को निखारने का आग्रह किया। इसके साथ ही, उन्होंने रांची विश्वविद्यालय के इस ऐतिहासिक मैदान से सैकड़ों राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने के लिए झारखंड वॉलीबॉल संघ के सचिव तथा रांची जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष, वरिष्ठ कोच श्री शेखर बोस का विशेष रूप से धन्यवाद दिया। इस प्रतियोगिता का संचालन अंतरराष्ट्रीय निर्णायक श्री संजय कुमार राष्ट्रीय निर्णायक श्री अजय किस्पोट्टा श्री राहुल मुंडा श्री अरघु कांजीलाल अमन खलखो डीएन यादव मनीष तिग्गा एवं संदीप गाड़ी ने किया।
प्रतियोगिता के उपरांत रांची जिला वालीबाल संघ के सचिव श्री संजय कुमार ठाकुर ने सभी पदाधिकारी एवं मीडिया के बांधों को धन्यवाद दिया जिनके सहयोग से इस प्रतियोगिता का सफल संचालन किया जा सका।

### वॉलीबॉल जगत से जुड़े कई प्रमुख व्यक्तित्व उपस्थित रहे

उत्तम राज (कोषाध्यक्ष, झारखंड वॉलीबॉल संघ) डॉ. निशिकांत (समन्वयक, झारखंड वॉलीबॉल संघ) राजेश गुप्ता,समन्वयक रांची विश्वविद्यालय, विकास कुमार वर्मा (कार्यकारी अध्यक्ष, रांची जिला वॉलीबॉल संघ) संजय कुमार ठाकुर (सचिव, रांची जिला वॉलीबॉल संघ) कमलेश होता भोला प्रताप सिंह सुनिर्मल बोस, शेतांक सेन विश्वजीत नंदी, विश्वनाथ सिंह, कमलेश होता भोला प्रताप सिंह (वरिष्ठ वॉलीबॉल खिलाड़ी) आनन्द तिवारी, विजय वर्मा, नारायण विन्हा, लंकेश मुण्डा, तथा रांची विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों एवं अन्य कर्मचारियों ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और झारखंड में वॉलीबॉल के भविष्य को लेकर सकारात्मक संदेश दिया।

## कॅरियर

# जैव प्रौद्योगिकी और जीन एडिटिंग



उद्योग जगत में अघोषित रूप से चौथी क्रांति शुरू हो चुकी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने के बाद बिना शोर-शराबा नौकरियों की दुनिया में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। भविष्य के स्मार्ट कॅरियर नए सिरे से सेट हो रहे हैं। अगले कुछ सप्ताह तक हर पखवाड़े हम भविष्य के इन सबसे स्मार्ट कॅरियर पर लेखों की यह श्रृंखला जारी रखेंगे।



आने वाले सालों में अपने देश में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में वही कॅरियर सबसे स्मार्ट होंगे, जो नवाचार, स्थिरता और डिजिटल परिवर्तन से सीधे जुड़े होंगे। बायोटेक्नोलॉजी और जीन एडिटिंग ऐसा ही तेजी से उभरता क्षेत्र है, जिसका आने वाले सालों में किसी एक क्षेत्र में नहीं, बल्कि अनेक क्षेत्रों में ज़बर्दस्त उपयोग उभरकर सामने आने वाला है। कृषि, चिकित्सा, पर्यावरण और औद्योगिक क्षेत्रों में बहुत तेजी से जैव प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों की ज़रूरत बढ़ रही है। साथ ही रिसर्च, फार्मास्यूटिकल कंपनियां और एग्रो-बायोटेक क्षेत्र में भी इन प्रोफेशनल की भारी मांग है। इसलिए यह क्षेत्र आने वाले सालों में देश और दुनिया के सबसे स्मार्ट कॅरियर क्षेत्रों में से एक होगा। सवाल है, इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए शैक्षिक योग्यताएं क्या हों, कौन-सी डिग्रियां और डिप्लोमा इस क्षेत्र में नौकरी दिलाएंगी। इन सभी मामलों को विस्तार से जानते हैं-



### ज़रूरी शैक्षिक योग्यताएँ

भारत में जैव प्रौद्योगिकी और जीन एडिटिंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए जिन महत्त्वपूर्ण शैक्षिक डिग्रियों की ज़रूरत पड़ती है, वे इस प्रकार हैं -

- बैचलर डिग्री बीएससी/बीटेक- बायोटेक्नोलॉजी, जेनेटिक इंजीनियरिंग, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, मॉलीक्यूलर बायोलॉजी।
- मास्टर डिग्री एमएससी/एमटेक- बायोटेक्नोलॉजी, मॉलीक्यूलर बायोलॉजी एंड जेनेटिक इंजीनियरिंग, बायो-इन्फोर्मेटिक्स बायोफार्मास्यूटिकल टेक्नोलॉजी।
- पीएचडी और पोस्ट डॉक्टोरल रिसर्च- यदि आपको रिसर्च एंड डेवपलमेंट के क्षेत्र में या एकेडमिक क्षेत्र में कॅरियर बनाना है तो पीएचडी अनिवार्य है।
- डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स- सीआरआईएसपीआर और जीन एडिटिंग तकनीकों पर विशेष कोर्स किया जा सकता है, जिसके बाद नौकरी की अर्हता हासिल हो जाती है। बायोइंफोर्मेटिक्स और कंप्यूटेशनल बायोलॉजी में डिप्लोमा सर्टिफिकेट कोर्स करके भी इस क्षेत्र में नौकरी की उम्मीद बढ़ जाती है।

### प्रमुख शैक्षिक संस्थान

भारत में जैव प्रौद्योगिकी और जीन ऐडिटिंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए इन महत्वपूर्ण शैक्षिक संस्थानों से पढ़ाई की जा सकती है।

- सभी आईआईटीज (दिल्ली, खड़कपुर, बॉम्बे, मद्रास, गुवाहाटी)।
- ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज(नई दिल्ली)- यहां से बायोटेक्नोलॉजी में मेडिकल रिसर्च की पढ़ाई की जा सकती है।
- जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय(जेएनयू)- यहां के स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी से इस क्षेत्र में प्रवेश के लिए पढ़ाई की जा सकती है।
- आईआईएससी(बंग्लुरु)- यहां से बायोलॉजिकल साइंस में ज़रूरी डिग्री मिलती है।
- नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी(एनआईआई), दिल्ली।
- इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (आईजीआईवी), दिल्ली।
- एमईटी इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, नोएडा।
- अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई- यहां से बायोटेक्नोलॉजी एंड जेनेटिक इंजीनियरिंग की पढ़ाई की जा सकती है।

### कहां मिलेगी नौकरी?

उपयुक्त डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट हासिल करने के बाद भारत में यहां मिलेंगी नौकरियां-

- बायोकॉन, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, भारत बायोटेक, डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज, रिलायंस लाइफ साइंसेज, ज्यूडस केडिला, टाटा मेडिकल एंड डायगोनॉस्टिक्स जैसी कंपनियों में देश में नौकरियां मिलती हैं।

### प्रारंभिक वेतन

इस क्षेत्र में बीएससी, बीटेक ग्रेजुएट को शुरूआत में 4 से 8 लाख रुपये सालाना का वेतन मिलता है, जबकि एमएससी और एमटेक ग्रेजुएट को 6 से 12 लाख रुपये का सालाना पैकेज मिलता है। पीएचडी होल्डर्स को शुरू से ही 10 से 20 लाख और तीन साल के अनुभव के बाद 30 से 50 लाख रुपये का पैकेज मिलना मामूली बात है।

*- कीर्तिशेखर*

### क्यों है ये भविष्य का कॅरियर?

बड़ी तेजी से जीन एडिटिंग के क्षेत्र का विकास हो रहा है, ताकि इंसान के रोजमर्रा की मेडिकल ज़रूरतें आसानी और प्रभावशाली ढंग से पूरी हो सकें। यह क्षेत्र इसलिए भी भविष्य की संभावनाओं से लबालब है, क्योंकि बहुत ही जल्द बड़े पैमाने पर पर्सनलाइज़्ड मेडिसिन, सिंथेटिक बायोलॉजी और बायोइन्फोर्मेटिक्स एक्सपर्ट की मांग बढ़ने वाली है। यही कारण है कि इस क्षेत्र में न सिर्फ वर्तमान में ही बड़े पैमाने पर नौकरियां उपलब्ध हैं, बल्कि आने वाले कई दशकों तक यह क्षेत्र नौकरी और वेतन के मामले में हॉट सेक्टर बना रहेगा। इसलिए यदि आपकी रुचि रिसर्च में, इनोवेशन और हेल्थ केयर इंडस्ट्री में है, तो बायोटेक्नोलॉजी और जीन एडिटिंग कॅरियर का शानदार विकल्प हो सकता है।



## नए उत्पाद

### मोटो एज 60 फ्यूजन

मोटोरोला 2 अप्रैल 2025 को अपना मिड-रेंज स्मार्टफोन मोटो एज 60 फ्यूजन भारत में लॉन्च करेगा। मोटो एज 60 फ्यूजन में 6.7 इंच का क्वाड-कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले होने की उम्मीद है, जो 120एचजेड रिफ्रेश रेट के साथ आएगा। इस फोन में मीडियाटेक डाइमेंशन 7400 चिपसेट दिया जा सकता है, जो बेहतर परफॉर्मेंस और पॉवर एफिशिएंसी प्रदान करेगा। कैमरा सेटअप में 50एमपी सोनी एलवाईटी 700 प्राइमरी सेंसर और 13एमपी सेकेंडरी लेंस हो सकता है, वहीं सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए इसमें 32एमपी का फ्रंट कैमरा दिए जाने की संभावना है। मोटो एज 60 फ्यूजन में 5000एमएएज की बैटरी दी जा सकती है और इसकी कीमत 25,000 रुपये से कम हो सकती है।



### मारुति ई-विटारा

मारुति सुजुकी की पहली इलेक्ट्रिक कार ई-विटारा भारत में अप्रैल 2025 में लॉन्च हो सकती है। यह मारुति सुजुकी की पहली इलेक्ट्रिक कार होगी। ई-विटारा को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में भी दिखाया गया था। यह मिड-साइज इलेक्ट्रिक एसयूवी होगी। इसका निर्माण सुजुकी के गुजरात प्लांट में किया जाएगा। इसकी कीमत 17 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू हो सकती है।



मारुति ई-विटारा इलेक्ट्रिक गाड़ी में 10.25 इंच टचस्क्रीन, 10.1 इंच डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, इनफिनिटी साउंड सिस्टम, ऑटो एसी, एम्बिएंट लाइटिंग, वेंटिलेटेशन फंक्शन के साथ 10 तरह से पॉवर एडजस्ट होने वाली ड्राइवर सीट, पैनोरमिक सनरूफ और वायरलेस फोन चार्जर जैसे फीचर दिए गए हैं। ई-विटारा में 7 एयरबैग, 360 डिग्री कैमरा, आईएसओफिक्स चाइल्ड सीट एंकर, इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक, सभी पहियों पर डिस्क ब्रेक, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (टीपीएमएस) और फ्रंट व रियर पार्किंग सेंसर जैसे सेफ्टी फीचर दिए गए हैं।

## आज रिलीज | टॉलीवुड

### एल2-एम्पुरान



मलयालम फिल्मों के सुपरस्टार मोहनलाल द्वारा अभिनीत नई फिल्म 'एल 2-एम्पुरान' आज थिएटर में रिलीज़ हो रही है। वर्ष 2019 में आई सुपरहिट फिल्म 'लूसिफर' के सीक्वल पर बनी फिल्म 'एल 2-एम्पुरान' का निर्देशन पृथ्वीराज सुकुमारन ने किया है। इस फिल्म में मोहनलाल को पहले से ज़्यादा दमदार और स्टाइलिश अंदाज़ में प्रस्तुत किया जा रहा है। फिल्म के संगीतकार दीपक देव हैं।

पैन इंडिया फिल्म 'एल 2-एम्पुरान' में मंजू वारियर, टोविनो थॉमस, इंद्रजीत सुकुमारन, सानिया अयप्पन, साईकुमार, बैजू संतोष, सचिन खेडेकर, कार्तिकेय देव (सलार फेम), निखत खान हेगड़े आदि प्रमुख कलाकर अभिनय कर रहे हैं। इस फिल्म को 'आशीर्वाद सिनेमाज' एवं 'श्री गोकुलम मुवीस' बैनर तले निर्माता एंटनी पेरुंबवूर एवं गोकुलम गोपालन ने भारी बजट पर निर्मित किया है।

*- आर. विजय कुमार*

## मस्त-मस्त

# अविका गौर होंगी 'नागिन 7' की नागिन



30 जून 1997 को मुंबई के एक गुजराती परिवार में जन्मीं ऐक्ट्रेस अविका गौर 2008 में जब मुलुंड के शेरोन इंग्लिश हाईस्कूल की 7वीं क्लास में थीं, उन्हें टीवी धारावाहिक 'राजकुमार आर्यन' में राजकुमारी भैरवी के बचपन के रोल का ऑफर मिला।

इसके साथ ही महज 11 साल की उम्र में अविका ने बतौर बाल कलाकार ऐक्टिंग कॅरियर की शुरूआत की। उनके इस किरदार को इतना अधिक पसंद किया गया कि उन्हें 'श्श्श्श... कोई है' का ऑफर मिल गया। इसके एक साल बाद उन्होंने फिल्म 'मॉर्निंग वॉक' से बॉलीवुड में कदम रखा। इसके साथ ही उन्हें 'पाठशाला' और 'तेज' जैसी फिल्मों में बाल भूमिकाएं मिल गईं। तेलुगु फिल्म 'उयाला जम्पाला'(2013) में अविका पहली बार बतौर लीड नज़र आईं। इस फिल्म के लिए उन्हें एसआईआईएमए में बेस्ट डेब्यू फीमेल का अवॉर्ड भी मिला।

तब से लेकर अब तक अविका 10 से अधिक रियलिटी और टीवी शो के साथ साऊथ और हिन्दी की दर्जनों फिल्में कर चुकी है।

अविका गौर को साल 2008 में शुरू हुए धारावाहिक 'बालिका वधू' में आनंदी के किरदार के लिए सबसे ज्यादा पसंद किया गया। उनका यह शो 2010 तक चला। इस किरदार के ज़रिए वे घर-घर में मशहूर हो गईं। 'बालिका वधू' के बाद अविका साल 2011 में टेलीकास्ट हुए शो 'ससुराल सिमर का' में रोली बनकर टीवी पर लौटी और एक बार फिर लोगों का दिल जीत लिया। इन शोज के अलावा अविका 'लाडो: वीरपुर की मर्दानी' और 'खतरा खतरा खतरा' में नज़र आईं।

कॅरियर की शुरूआत में बाल कलाकार के तौर पर 3 फिल्में करने के बाद अविका गौर अब तक हिन्दी में बनी शॉर्ट फिल्में 'आखिरी बातें', 'आई, मी, माईसेल्फ', 'कहानी रबरबैंड की', '1920: हॉरर्स ऑफ द हार्ट' और 'ब्लडी इश्क' में नज़र आ चुकी हैं। सोशल मीडिया पर अपनी बोल्डनेस को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहने वाली अविका गौर को लेकर इन दिनों खबरें आ रही हैं कि वह एकता कपूर के सुपरनैचुरल ड्रामा 'नागिन 7' में लीड रोल निभा सकती हैं। रिपोर्ट्स की मानें, तो अविका गौर को 'नागिन 7' में मुख्य भूमिका निभाने के लिए कॉन्टेक्ट किया गया है। कथित तौर पर उन्हें फाइनल भी कर लिया गया है।

वहीं विवियन डीसेना के नाग के रूप में शो में शामिल होने की खबरें भी जमकर वायरल हो रही हैं। हालांकि, इसे लेकर कुछ भी ऑफिशियली अनाउंस नहीं किया गया है।



अविका गौर के बारे में आ रही खबरें यदि सच साबित होती हैं तो यह टीवी पर उनका कमबैक होगा। उल्लेखनीय है कि फेम मिलने के बाद अविका ने अचानक अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए कॅरियर को कुछ समय के लिए रोक कर काम से ब्रेक ले लिया था। अविका ओटीटी डेब्यू भी कर चुकी हैं। साल 2023 में उनका ओटीटी डेब्यू तेलुगु वेब सीरीज 'वधुवु' से हुआ था। उनकी यह वेब सीरीज बंगला वेब सीरीज 'इंदू' का रीमेक थी। एक वक्त अविका गौर को लेकर इस तरह की बातें भी सामने आई थीं कि वह उम्र में उनसे 18 साल बड़े, 'ससुराल सिमर का' के को-स्टार मनीष रायसिंघन को डेट कर रही हैं। लेकिन फिर पता नहीं अचानक दोनों के बीच कहां बात बिगड़ी कि दोनों का ब्रेकअप हो गया। मनीष रायसिंघन से ब्रेकअप के बाद अविका गौर द्वारा एक बार फिर अब 'रौडीज' रीयल हीरोज के कंटस्टेंट मिलिंद चांदवानी को डेट किए जाने की खबरें आ रही हैं।

अविका अपनी खुद की फिल्म कम्पनी भी खोल चुकी हैं। इसके अंतर्गत वह साल 2023 में तेलुगु में फिल्म 'पॉपकॉर्न' बना चुकी हैं।

*- सुभाष शिरढोनकर*

# गोली सोडा बना भारत का नया ग्लोबल ब्रांड

भारत की स्वदेशी 'कंचे वाली बोतल' यानी गोली सोडा का स्वाद दुनिया को भा रहा है। अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप देशों में परीक्षण के तौर पर इसका शिपमेंट सफल रहा है। गोली सोडा बहुराष्ट्रीय पेय निर्माता कंपनियों के प्रभुत्व के कारण लगभग गायब हो गया था। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण की पहल पर यह संभव हुआ है। वाणिज्य मंत्रालय का कहना है कि यह भारत के प्रामाणिक, होमग्रोन भोजन और पेय उत्पादों को बढ़ावा देने और निर्यात करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। मंत्रालय के अनुसार 17 से 19 मार्च तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय फूड एंड ड्रिंक इवेंट(आईएफई) लंदन में पेश किया गया। इसने भारतीय उद्यमियों और निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के साथ जुड़ने का मंच प्रदान किया।



आधुनिक पैकेजिंग और 'गोली पॉप सोडा' के नाम के साथ इसे दुनिया भर में ले जाया जा रहा है। इसके लिए फेयर एक्सपोर्ट्स इंडिया ने खाड़ी क्षेत्र की सबसे बड़ी खुदरा श्रृंखला लुलु हाइपरमार्केट के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है। लुलु आउटलेट्स इस भारतीय पेय को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। ब्रिटेन में 'गोली पॉप सोडा तेजी से प्रचलित हो रहा है। यह पारंपरिक भारतीय स्वादों को पसंद करने वाले उपभोक्ताओं को आकर्षित करता है।



# सीमाओं से आगे निकलकर चुनौती भरी भूमिका निभाना करता है उत्साहित



हाल ही में रिलीज हुई सीरीज ज्यादा मत उड़ में अभिनय कर रहीं लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री हेली शाह का कहना है कि अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने वाली भूमिकाओं के साथ खुद को चुनौती देना उन्हें और अधिक उत्साहित करता है। ड्रामा और कॉमेडी का एक बेहतरीन मिश्रण ज्यादा मत उड़ चुनौतियों से भरी दुनिया में अपना रास्ता खुद बनाने की कोशिश कर रहे युवाओं के संघर्ष और आकांक्षाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। उन्होंने बताया, एक साथ कई कलाकारों के साथ प्रोजेक्ट का हिस्सा होना मेरे लिए कभी चिंता का विषय नहीं रहा, क्योंकि मुझे अपने काम पर भरोसा है। मुझे सबसे ज्यादा रोमांचित करता है खुद को ऐसे किरदारों से चुनौती देना जो एक अभिनेता के तौर पर मेरी सीमाओं को आगे बढ़ाते हैं। शो में हेली ने काजल की भूमिका निभाई है, जो एक आत्मविश्वासी और महत्वाकांक्षी महिला है, जो सामाजिक अपेक्षाओं से पीछे हटने से इनकार करती है। अपने पहले निभाए गए पारंपरिक किरदारों से अलग, काजल बोल्ड, मुखर और हमेशा चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहती हैं।

उन्होंने कहा, 'ज्यादा मत उड़' में काजल की भूमिका निभाना मेरे लिए एक नया अनुभव रहा है, क्योंकि वह बोल्ड, निडर और सामाजिक मानदंडों से बंधे रहने से इनकार करती है। वह अपने मन की सुनती है, अपने लिए खड़ी होती है और मेरे द्वारा पहले निभाई गई भूमिकाओं की तुलना में एक अलग ऊर्जा लेकर आती है। यह रोमांचक और फायदेमंद दोनों रहा है। हेली ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 8वीं कक्षा में शो 'गुलाल' से की थी। इसके बाद वह 2011 के शो दीया और बाती हम में नजर आईं। इसके बाद उन्होंने 'अलक्ष्मी - हमारी सुपर बहू' में अलक्ष्मी का किरदार निभाया। बाद में वह खेलती है जिंदगी आंख मिचौली में अमी के किरदार में दिखी थीं। इसके बाद वह सोनी पल के शो खुशियों की गुल्लक आशी में नजर आईं। 'स्वरागिनी' में हेली ने स्वरा माहेश्वरी का किरदार निभाया था। 2016 में शाह 'झलक दिखला जा' के सीजन 9 में दिखी थीं। अभिनेत्री को बाद में 'देवांशी', 'सूफियाना प्यार मेरा', 'ये रिश्ते हैं प्यार के' और 'इश्क में मरजावां 2' जैसे कई अन्य शो में देखा गया।



## अचानक 'लाफ्टर शेफ 2' का हिस्सा क्यों बने करण कुंद्रा? अभिनेता ने साझा की वजह

करण कुंद्रा ने कुकिंग रियालिटी शो 'लाफ्टर शेफ' का पहला सीजन किया था। उस वक्त उन्हें शो में दर्शकों ने काफी पसंद किया। लेकिन जब इस रियालिटी शो का दूसरा सीजन आया तो करण कुंद्रा नजर नहीं आए, जबकि कई पुराने प्रतियोगी नए सीजन में भी दिखे। हाल ही में अचानक उनकी एंट्री इस रियालिटी शो में हुई। इस फैसले के पीछे क्या वजह रही? इस बारे में करण कुंद्रा ने एक इंटरव्यू में बताया।

दुबई के रहने वाले इंफ्लुएंसर अब्दू रोजिक ने 'लाफ्टर शेफ 2' बीच में ही छोड़ दिया, उन्हें रमजान के लिए घर वापस जाना था। अब्दू की बजाय अब शो में टीवी एक्टर करण कुंद्रा नजर आ रहे हैं। वह 'लाफ्टर शेफ' के पहले सीजन में भी नजर आए थे। अब दूसरे सीजन में दिख रहे हैं। हाल ही में स्क्रीन से की गई बातचीत में करण ने 'लाफ्टर शेफ 2' का हिस्से बनने की वजह साझा की। वह कहते हैं, 'समय और डेट्स का मामला था। मैंने तो पहले सीजन में शामिल होने के बारे में भी नहीं सोचा था। मैं पहले सीजन में भी आठ दिन के लिए शामिल हुआ था, लेकिन मैं बाद तक 'लाफ्टर शेफ' में बना रहा।' इस शो को कॉमेडियन भारती सिंह होस्ट करती हैं।

गर्लफ्रेंड तेजस्वी से शादी को लेकर भी चर्चा इन दिनों करण कुंद्रा जल्द होने वाली अपनी शादी को लेकर भी चर्चा में हैं। खबर है कि वह अपनी गर्लफ्रेंड तेजस्वी प्रकाश से जल्द शादी करेंगे। तेजस्वी प्रकाश भी टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री हैं।

तेजस्वी की मां ने शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में बताया था कि अभिनेत्री जल्द ही शादी करेंगी। यह बात सुनकर करण और तेजस्वी के फैंस काफी खुश हुए।

### तेजस्वी भी कुकिंग रियालिटी शो में नजर आई

शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में करण की गर्लफ्रेंड और टीवी एक्ट्रेस तेजस्वी नजर आ रही है। वह अकसर ही इस रियालिटी शो में शेफ रणवीर बरार, विकास खन्ना से अपनी कुकिंग स्किल्स के लिए तारीफ हासिल करती हैं।

## निक्की तंबोली ने गुस्से में छोड़ा सेलिब्रिटी मास्टरशेफ?



निक्की तंबोली हाल ही में गौरव खन्ना के साथ हुए झगड़े के बाद सेलिब्रिटी मास्टरशेफ के सेट से बाहर चली गईं। शो के मेकर्स ने एक प्रोमो जारी किया जिसमें निक्की को गुस्सा करते हुए और गौरव को माफी मांगने के लिए कहते हुए देखा गया। प्रोमो में निक्की को गुस्से में शो से बाहर निकलते हुए दिखाया गया। उन्होंने कहा, यह अपमान है, मैं जा रही हूं। जो करना है वो करो, जब तक वो सॉरी नहीं बोलता मैं नहीं आऊंगी। बाद में प्रोमो में शो के जज शेफ रणवीर बरार भी निक्की की तारीफ करते हुए नजर आए।

### गौरव खन्ना से भिड़ीं निक्की तंबोली

निक्की तंबोली और गौरव खन्ना को अक्सर सेलिब्रिटी मास्टरशेफ में भिड़ते देखा जाता है। दोनों के बीच कई बार तीखी बहस हो चुकी है। शो के पहले के एपिसोड में निक्की को गौरव को इनसिक्योर कहते हुए देखा गया था। उन्होंने कहा, यह इम्युनिटी पिन के बारे में नहीं है, मुझे ऐसा लगता है, वक्त आ गया है गौरव को मान लेना चाहिए कि वह एक इनसिक्योर लड़का है, आदमी भी नहीं। बाद में निक्की ने कहा, मुझे लगता नहीं, किसी में हिम्मत है कि ये उसके मुंह पर कोई कहे।

## अनुष्का रंजन ने पति आदित्य सील को बताया 'लव ऑफ लाइफ'





अभिनेत्री अनुष्का रंजन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर बताया कि अभिनेता-पति आदित्य सील का जन्मदिन उन्होंने कैसे मनाया। रंजन ने कहा कि सील के बिना उनका जीवन अधूरा है। इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री अनुष्का रंजन ने कैप्शन में अपने दिल की बात कही, उन्होंने लिखा, मैंने पिछले 72 घंटे अपने प्यार आदित्य सील के जन्मदिन का जश्न मनाते हुए बिताए। आदित्य की तारीफ करते हुए अनुष्का ने आगे लिखा, आदित्य मेरे हर सपने और इच्छा पूरी करने में लगा रहता है और मैं आज इस (जन्मदिन) मौके पर बस यह बताना चाहती हूं कि मेरा जीवन तुम्हारे और तुम्हारे खूबसूरत दिल के बिना अधूरा है। तुम पिछले 7 सालों से मेरे प्यार और सहारे का स्तंभ रहे हो। मैं हमारे आने वाले बेहतरीन समय को लेकर उत्साहित हूं। तुम जादू हो, प्यार हो, जिंदगी हो और मेरा सब कुछ हो! मैं तुमसे बहुत प्यार करती हूं। पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए आदित्य ने कमेंट सेक्शन में लिखा, मुझे यह पसंद है... लेकिन तुम ज्यादा पसंद हो। बता दें, अनुष्का और आदित्य की मुलाकात एक कार्यक्रम के दौरान हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती हुई और फिर दोस्ती प्यार में बदल गई। जानकारी के अनुसार, आदित्य ने अनुष्का को पेरिस में प्रपोज किया था। कुछ समय तक एक-दूसरे के साथ रहने के बाद दोनों ने 21 नवंबर, 2021 को मुंबई में शादी कर ली थी।



## सलमान खान पर भड़कीं सोना महापात्रा बताया टॉक्सिक

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म सिकंदर जल्द ही ईद पर रिलीज होने वाली है। इससे पहले फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ। इस इवेंट में भाईजान ने अपनी हीरोइन रश्मिका मंदाना से 31 साल के उम्र के फासले पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि जब हीरोइन को या उनके पिता को कोई दिक्कत नहीं है तो...। अब इस पर जानी-मानी सिंगर सोना महापात्रा ने तंज कसा है। उन्होंने भाईजान के जवाब की तुलना कचरे से की है और उन्हें टॉक्सिक मैस्कुलिनिटी और पितृसत्ता का भाई कहा है। सोना महापात्रा ने ट्वीट किया, हीरोइन और हीरोइन के बाप को कोई दिक्कत नहीं है'..तो जब इनकी शादी हो जाएगी और.. अपनी लीडिंग लेडी के साथ 31 साल के एज गैप पर परमिशन जैसा कचरा जवाब- टॉक्सिक मैस्कुलिनिटी और पितृसत्ता के भाई को ये एहसास नहीं है कि भारत बदल गया है?

### सलमान और रश्मिका की उम्र में अंतर

मालूम हो कि सलमान खान 59 साल के हैं और रश्मिका की उम्र 28 साल है। दोनों की उम्र में 31 साल का अंतर है। इस वजह से कई लोगों ने इस पर आपत्ति जताई थी, जिसपर भाईजान ने ट्रेलर लॉन्च इवेंट में जवाब दिया था। सलमान खान ने कहा था, फिर वो बोलते हैं 31 साल का डिफरेंस है हीरोइन और मुझमें। अरे जब हीरोइन को प्रॉब्लम नहीं है, हीरोइन के पापा को दिक्कत नहीं है, तुमको क्यों दिक्कत है भाई? इनकी शादी होगी, बच्चे होंगे, तो उनके साथ भी काम करेंगे। मम्मी की परमिशन तो मिल ही जाएगी। सलमान के इस बयान पर रश्मिका हंसती हुई नजर आई थीं।

### 30 मार्च को रिलीज होगी सिकंदर

सलमान की फिल्म सिकंदर ईद पर 30 मार्च 2025 को रिलीज होगी। इसकी एडवांस ओपनिंग की शुरुआत 25 मार्च से शुरू हो गई है। एआर मुरुगादॉस के निर्देशन में बनी इस फिल्म में काजल अग्रवाल और सत्यराज भी हैं।



## बॉलीवुड फिल्मों पर बोले सनी देओल कहा- हम खो गए हैं

**बॉलीवुड के एक्शन स्टार सनी देओल की मच अवेटेड फिल्म 'जाट' का ट्रेलर लॉन्च हुआ। ट्रेलर में जबरदस्त एक्शन देखने को मिल रहा है। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सनी देओल ने कई मुद्दों पर बात भी की है। इस दौरान सनी देओल ने ये भी बताया कि बॉलीवुड को फिर से धमाकेदार वापसी करने के लिए क्या कुछ करना होगा।**

### सनी ने बताई वजह

ट्रेलर लॉन्च के दौरान सनी देओल से जब बॉलीवुड के डाउनफॉल को लेकर सवाल किया गया और पूछा गया कि कैसे बॉलीवुड फिरसे शानदार वापसी कर सकता है तो अभिनेता ने कहा, हम खो गए हैं। पहले, निर्देशक प्रोड्यूसर को कहानी सुनाते थे और उन्हें जब वो कहानी पसंद आती थी, तब वे फिल्म बनाते थे। मगर बाद में जब कॉर्पोरेट्स ने इस पूरी व्यवस्था में एंट्री की, तो पूरी व्यवस्था ही बदल गई और व्यावसायिक हो गई। फिल्म के टिकट तक बहुत महंगे और व्यावसायिक हो गए। लोगों की रुचि खत्म हो गई। सब पैसे बनाने का चक्कर रह गया। हर कोई इसका दोषी है। फिल्ममेकर्स के अंदर अब वो भूख नहीं रही।

### प्रोड्यूसर को निर्देशक पर भरोसा होना चाहिए


सनी ने आगे कहा, यह एक चक्र है और हमें उम्मीद है कि ये बदलेगा। यह रातों-रात नहीं बदलेगा, इसमें वक्त लग सकता है, लेकिन बदलेगा। जब मैं इस फिल्म पर काम कर रहा था, तो मैंने देखा कि निर्माताओं को फिल्म के मुद्दे और कहानी पर पूरा भरोसा है। इसलिए उन्होंने निर्देशक को पूरी छूट दी। मैं मानता हूं कि निर्देशक कई बार बजट के ऊपर चले जाते हैं, लेकिन ऐसा इसलिए होता है क्योंकि निर्देशक उस सीन को और भी बेहतर व प्रभावशाली बनाने का प्रयास करता है। प्रोड्यूस की ओर से यह धैर्य और समझ बहुत जरूरी है। लेकिन हमारी फिल्मों में लोग कहने लगते हैं, समय हो गया है, अब तक शूट पूरा नहीं हुआ है, ये काट दो, ये सीक्वेंस हटा दो, क्या कर रहे हो, क्यों कर रहे हो जैसे सवाल करने लगते हैं। यहां हर कोई निर्देशक बन जाता है, जिससे निर्देशक का कोई काम ही नहीं बचता। जब ये पूरा सिस्टम बदलेगा, तो मुझे उम्मीद है कि हम फिर से अच्छी फिल्में बनाएंगे।

### 10 अप्रैल को रिलीज होगी 'जाट'

सनी देओल की बहुप्रतीक्षित फिल्म जाट का ट्रेलर आज जारी हो गया है। फिल्म में सनी देओल के अलावा रणदीप हुड्डा और विनीत सिंह जैसे अभिनेता भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। रणदीप हुड्डा फिल्म में विलेन की भूमिका में हैं, जो सनी देओल से टक्कर करते दिखेंगे। फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों द्वारा पसंद किया जा रहा है। फिल्म जाट 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## पवन कल्याण के हाथ से निकला बड़ा प्रोजेक्ट

एसआरटी एंटरटेनमेंट के निर्माता राम तल्लूरी ने चार साल पहले पावरस्टार पवन कल्याण के साथ एक फिल्म की घोषणा की थी, जिसका निर्देशन फिल्म एजेंट के निर्देशक सुरेंदर रेड्डी करने वाले थे। हालांकि, शुरुआती घोषणा के अलावा यह प्रोजेक्ट कभी शुरू नहीं हुआ। अब इस फिल्म पर एक चौंकाने वाला अपडेट सामने आया है। कथित तौर पर प्रोडक्शन टीम पवन कल्याण के साथ फिल्म बनाने के विचार को टालने की योजना बना रही है, क्योंकि वह पूरी तरह से राजनीति में व्यस्त हैं और उन्हें तीन अन्य फिल्में पूरी करनी हैं। इसके बजाय, वे किसी अन्य हीरो के साथ फिल्म बनाने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि उस हीरो के बारे में अन्य जानकारी सामने नहीं आई है। इतने वर्षों के बाद, ऐसा लगता है कि निर्माताओं ने उसी कहानी के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है, लेकिन एक अलग लीड के साथ, जिससे पवन कल्याण पीछे रह गए हैं।



# विकास उत्सव मेले में कबीर कैफे बैंड ने बांधा समा

**आज कोकोब फरीद बैंड द्वारा दी जाएगी मनमोहक प्रस्तुति**

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की दिशा में केंद्र सरकार के 10 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर शिल्प हॉट नोएडा में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय विकास उत्सव मेले में बैंड जगत के जाने-माने कबीर कैफे बैंड ने अपनी प्रस्तुति से मेले में समा बांधा एवं विद्या पांडे तथा आलोक पांडे ने फोक डांस पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से मेले में उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।



विकास उत्सव मेले में उपस्थित लोगों ने जाने माने कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुफ्त उठाया। 27 मार्च 2025 को भी विकास उत्सव मेले के समापन अवसर पर कोकोब फरीद बैंड एवं जनपद के स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, जिला सांख्यिकी अधिकारी शिवराज सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, पुलिस के अधिकारीग एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री श्याम भजन उत्सव में भजनों पर झूमे नगरवासी



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-69 स्थित ट्रांसपोर्टनगर में मास्टरमाइंड ग्रुप के नेतृत्व में प्रथम श्री श्याम बाबा का भव्य भजन उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें भजन गायक गगन राठौर के भजनों ने सभी लोगों को झूमने पर विवश कर दिया।

यूनी एश्योर, वाणिज्यिक और निजी कार बीमा कंपनी के सीईओ विकास अरोड़ा एवं पवनवीर यादव ने बताया कि यह हमारा पहला प्रयास है। आगे भी इसी तरह धार्मिक और सामाजिक कार्य करते रहेंगे।

श्री श्याम भजन उत्सव में अशोक शर्मा (बेस्ट इंडिया रोडवेज), जगवीर सिंह ओम शंकर लॉजिस्टिक्स), राजकुमार सैनी (श्री दुर्गा फ्रेट करियर), एबीके लॉजिस्टिक्स, विकास सिंह (ग्रीन लाइन ट्रांसपोर्ट सर्विस), राकेश सोनी सहित कई अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों का विशेष योगदान रहा।

# पंजाब में कर्नल की पिटाई के विरोध में पूर्व सैनिकों का प्रदर्शन




**नोएडा (चेतना मंच)।** पंजाब के पटियाला में भारतीय सेना के कर्नल पुष्पिंदर सिंह बाठ और उनके बेटे के साथ पंजाब पुलिस कर्मियों की ओर से की गई मारपीट का मामला शांत होता नजर नहीं आ रहा है। अब नोएडा में भी सेना के पूर्व सैनिकों ने इस घटना पर नाराजगी जताते हुए दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की है।

आपको बता दें कि 13 मार्च की रात को पटियाला में पंजाब पुलिस के जवानों द्वारा सेना के कर्नल पुष्पिंदर व उनके बेटे अंगद सिंह के साथ शराब के नशे में मारपीट की गई थी। पुलिस ने कर्नल के बयान लेने के बजाय एक ढाबे पर काम करने वाले व्यक्ति के बयानों पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया था और मारपीट करने वाले जवानों को बचाने का प्रयास किया गया था।

पुलिस ने कर्नल की पत्नी को केस दर्ज करवाने के लिए भी इधर से उधर थानों में कई चक्कर कटवाए। कर्नल के साथ मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ था। अब नोएडा के पूर्व सैनिकों ने इस घटना पर नाराजगी जताई है। पूर्व कर्नल व एवीआरडब्ल्यूए के चेयरमैन आईपी सिंह ने बताया कि पंजाब पुलिस द्वारा सेवारत कर्नल पुष्पिंदर सिंह और उनके बेटे के खिलाफ किए गए अत्याचार और अन्याय के खिलाफ नोएडा के अरुण विहार और आस-पास के सेक्टरों में रहने वाले के लगभग 250 पूर्व सैनिकों ने एकजुट होकर सेक्टर-29 के मॉल रोड पार्क में विरोध प्रदर्शन किया। इस सामूहिक आवाज़ का उद्देश्य ऐसे अन्यायपूर्ण कृत्यों के खिलाफ समाज में जागरूकता फैलाना और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना था।

प्रदर्शन कर रहे पूर्व सैनिकों ने मांग की है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और कर्नल बाथ और उनके बेटे को शीघ्र न्याय मिले।

# व्यापारी संगठन ने योगी सरकार के 8 साल पूरे होने पर दी बधाई

**नोएडा (चेतना मंच)।** सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल द्वारा सरकार को बधाई दी गई है। साथ ही व्यापार मंडल ने गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी व वाणिज्य कर विभाग द्वारा जिस प्रकार व्यापारियों और उद्यमियों से समन्वय स्थापित किया गया है उसके लिए प्रशंसा की है।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल से प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि यूपी की योगी सरकार ने पिछले 8 सालों में व्यापारियों और उद्यमियों के हित में कई फैसले लिए हैं। शिल्प हॉट में चल रही प्रदर्शनी में पहुंचे विकास जैन ने मनीष वर्मा के समक्ष सुझाव रखे। इस दौरान एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन, प्रदेश चेयरमैन नवनीत गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल प्रवीन गर्ग महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष वन्दना गुप्ता उद्योग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शक्तिसिंह प्रदेश महामंत्री सचिन गोयल प्रदेश मंत्री मनीष शर्मा अंकुर बंसल शिवा चौहान आकाश तोमर आदि मौजूद रहे।



# नोएडा के तीन सेक्टरों में पानी की भारी किल्लत

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर-105, सेक्टर-108 और जज कॉलोनी और एचआईजी फ्लैट्स के निवासियों को पिछले तीन दिनों से पीने के पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के चलते स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।



सेक्टर-105 RWA के अध्यक्ष दिव्य कृष्णात्रेय (दीपक शर्मा) ने इस मुद्दे पर चिंता जताते हुए कहा कि पानी की आपूर्ति बाधित होने से लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने नोएडा प्राधिकरण से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिना किसी सूचना के जल आपूर्ति ठप हो जाने से उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। लोग मजबूरी में पानी के टैंकरों और बोतलबंद पानी पर निर्भर होने को मजबूर हैं, जिससे उनकी बजट पर भी असर पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जल विभाग की ओर से अभी तक कोई स्पष्ट सूचना नहीं दी गई है कि पानी की आपूर्ति कब बहाल होगी। इस संबंध में कई बार शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

स्थानीय आरडब्ल्यूए और निवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# नोएडा महानगर कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त अध्यक्ष मुकेश यादव का स्वागत

**नोएडा (चेतना मंच)।** महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विक्रम चौधरी के नेतृत्व में सेक्टर-2 नोएडा उनके कार्यालय पर महानगर कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव का स्वागत किया गया। स्वागत समारोह को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य यतेन्द्र शर्मा ने संबोधित किया। अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव हरियाणा सहप्रभारी लियाकत चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का निर्णय अच्छा है। मुकेश यादव संघर्ष करते रहते है। अध्यक्ष पहले भी रहे हैं और आगे भी संघर्ष करते रहेंगे।



नोएडा महानगर के पूर्व महासचिव दयाशंकर पांडये ने कहा हम महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करते रहेंगे। नव नियुक्त महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव ने सभी कार्यकर्ताओं व कांग्रेस के नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे पार्टी ने दी है मैं आप सभी के साथ मिलकर नोएडा में संघर्ष कर जनमानस की समस्याओं को मजबूती के साथ उठाऊंगा।

कार्यक्रम के आयोजक पूर्व महासचिव विक्रम चौधरी, पूर्व महासचिव दया शंकर पांडे, सोनू राणा, मोनू कुमार, रोहित कुमार, करतार सिंह डेढा, अवतार डेढा, मोहित गुर्जर, रोहित शर्मा, सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# कला अपनी अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम: मोना राय



**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स, द्वारा त्रिदिवसीय वार्षिक कला प्रदर्शनी 'क्रियेटिव 2025'' (25 से 27 मार्च तक) का आयोजन एमिटी विश्वविद्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रख्यात कलाकार श्रीमती मोना राय, कठपुतली चलाने वाले कलाकार पद्मश्री श्री दादी पद्मजी, एमिटी स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स, एमिटी स्कूल ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी और एमिटी स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की चेयरपरसन श्रीमती दिव्या चौहान, प्रख्यात कलाकार प्रतुल दाश, और एमिटी विश्वविद्यालय के ग्रुप एडिशनल प्रो वाइस चांसलर डा प्रदीप जोशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर फाइन आटर्स के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों द्वारा निर्मित 700 कलाओं एंव डिजाइन को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एमिटी स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स के डा वरूण सहाय द्वारा किया गया।




प्रख्यात कलाकार श्रीमती मोना राय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में कला अपनी अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम है जो समाज को सही रास्ता दिखाता है।

कठपुतली चलाने वाले कलाकार पद्मश्री श्री दादी पद्मजी ने कहा कि आपके कला में आपकी प्रतिभा की झलक दिख रही है जो भविष्य में आपके सफल कलाकार बनने के गुण को इंगित कर रहे है। सदैव कुछ नया सीखे और कला के क्षेत्र में नये अनुभव प्राप्त करें।

एमिटी स्कूल ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी और एमिटी स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की चेयरपरसन श्रीमती दिव्या चौहान ने कहा कि यह आज का दिन आपकी उपलब्धियों के उत्सव मानने का दिन है।




एमिटी के संस्थापक अध्यक्ष डा चौहान ने सदैव विज्ञान और कला को समान महत्व दिया है क्योकी वे विज्ञान के साथ कला के महत्व को भी जानते है।

इस कार्यक्रम में इसके अतिरिक्त दो विभिन्न कला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है जिसमें नेशनल आर्ट प्रतियोगिता जिसमें देश के दिल्ली, असम, राजस्थान आदि विभिन्न संस्थानों से कुल 27 डिजिटल एंट्री आई है।

एमिटी स्कूल ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी द्वारा डिजाइन कलेक्शन प्रस्तुती ''फैशन शो'' का और एमिटी स्कूल ऑफ परफार्मिंग आटर्स द्वारा वार्षिक संगीत कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

